

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 52 शनिवार 04 अप्रैल 2026 बैशाख कृष्ण द्वितीया विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया




## वार अपडेट

### ईरान की यूनिवर्सिटी पर अमेरिका का हवाई हमला

ईरान की राजधानी तेहरान में स्थित शाहिद बेहेश्ती यूनिवर्सिटी पर अमेरिकी लड़ाकू विमानों द्वारा हवाई हमले का दावा सामने आया है। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के अनुसार, यह हमला देश की प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं में से एक को निशाना बनाकर किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि हमले के बाद इलाके में धुआं और नुकसान के दृश्य सामने आए हैं, हालांकि अभी तक किसी बड़े जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है

### ट्रंप के स्टोन एज बयान पर ईरान का पलटवार

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टोन एज में भेजने वाले बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे बड़े युद्ध अपराध की मंशा बताया। पेजेशकियन ने कहा कि इस तरह की धमकी अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है और दुनिया को इस पर चुप नहीं रहना चाहिए। उन्होंने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से भी इस मुद्दे पर चर्चा का जिक्र किया और कहा कि इतिहास गवाह है, चुप रहने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ती है।

### ईरान में दो अमेरिकी पायलटों की तलाश तेज

ईरान में गिराए गए अमेरिकी लड़ाकू विमान के बाद हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिमी ईरान का एक इलाका अब दोनों देशों की नजर में है, जहां से दो अमेरिकी पायलटों की तलाश जारी है। यह खोज अभियान इस पूरे संघर्ष को और संवेदनशील बना रहा है। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी और ईरानी दोनों पक्ष अपने-अपने स्तर पर इन पायलटों की तलाश में जुटे हैं। अमेरिकी सेना रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है, जबकि ईरानी मीडिया ने स्थानीय लोगों से भी पायलटों की जानकारी देने की अपील की है।

### ईरान युद्ध समाप्त कर जीत घोषित करे: पूर्व विदेश मंत्री जरीफ

पूर्व ईरानी विदेश मंत्री जवाद जरीफ ने ईरान से युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया है। उन्होंने देश से जीत घोषित कर एक समझौता करने को कहा। जरीफ ने अमेरिका स्थित 'फॉरेन अफेयर्स' पत्रिका में एक लेख लिखा। इसमें उन्होंने ईरान के लिए एक खाका पेश किया। यह खाका अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध समाप्त करने का है। समझौते की शर्तें तेहरान के लिए अनुकूल होंगी।

### यूएई में ईरान की तरफ से मिसाइल और ड्रोन हमलों की खबर

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का रक्षा मंत्रालय मिसाइल और ड्रोन हमलों की नई लहर का जवाब दे रहा है। मंत्रालय ने पुष्टि की है कि ये हमले ईरान की तरफ से किए गए जा रहे हैं।

# लखनऊ रेलवे स्टेशन पर विस्फोट की साजिश नाकाम, आईएसआई से जुड़े चार आतंकी गिरफ्तार; QR से लेते थे पेमेंट

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने देश विरोधी साजिश का बड़ा खुलासा करते हुए पाकिस्तानी हैंडलर(आईएसआई) के इशारे पर काम करने वाले एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। मॉड्यूल से जुड़े चार आतंकी बृहस्पतिवार को लखनऊ रेलवे स्टेशन व उसके आसपास विस्फोट करने की फिराक में थे। तभी एटीएस की टीम ने उनको दबोच लिया।



मॉड्यूल देश भर में रेलवे सिग्नल बॉक्स, सिलिंडर भरे वाहनों और प्रतिष्ठित संस्थानों में आगजनी कर दहशत फैलाने की साजिश रच रहे थे। सबसे पहला निशाना लखनऊ रेलवे स्टेशन था। आरोपियों ने कई नेताओं की भी रेकी कर रहे थे।

**सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी संगठनों के संपर्क में था**

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, मेरठ निवासी साकिब उर्फ डेविल गिरोह का सरगना है। वह टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और सिग्नल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर और कट्टरपंथी संगठनों के संपर्क में था। उसका सहयोगी मेरठ निवासी अरबाब भी इस नेटवर्क में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। दोनों ने मिलकर गौतमबुद्धनगर के विकास उर्फ रौनक और लोकेश उर्फ पपला को पैसों का लालच देकर अपने साथ जोड़ा। बृहस्पतिवार को आरोपी चारबाग रेलवे स्टेशन के पास रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आगजनी की बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे।

एटीएस के पास इसका पूरा इनपुट था। इसलिए टीमें आरोपियों को ट्रेस करते हुए मौके पर पहुंची और चारों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी साकिब नाई का काम करता है।

# ईरान ने मार गिराया अमेरिकी विमान: पायलटों के लिए यूएस का बचाव अभियान शुरू

**एजेंसी समाचार**

तेहरान। पश्चिम एशिया में चल रही जंग अब बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। खबर है कि ईरान की सीमा के भीतर अमेरिका के एक लड़ाकू विमान को निशाना बनाया गया है। इस घटना के बाद अमेरिकी सेना ने अपने लापता पायलटों और चालक दल को बचाने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। युद्ध की शुरूआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीरत किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है।



ईरानी मीडिया दावा कर रहा है कि उनकी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। यह भी दावा किया जा रहा है कि विमान का पायलट दक्षिण-पश्चिमी ईरान में पैराशूट के जरिए सुरक्षित कूद गया था, जिसे अब बंधक बना लिया गया है।

हालांकि, इस बीच ईरान के खातम अल-अनबिया मुख्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि ईरान में केशम द्वीप के दक्षिण में एक दूसरे पांचवीं पीढ़ी के अमेरिकी एफ-35 विमान को आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स की नई वायु रक्षा प्रणाली ने निशाना बनाकर गिरा दिया। उन्होंने कहा कि पायलट के सुरक्षित विमान से बाहर निकलने की संभावना न के बराबर है।

इसके अलावा ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने यह भी दावा किया कि मध्य तेहरान में अमेरिका का एक और अत्याधुनिक F-35 लड़ाकू विमान मार गिराया गया है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से अभी तक सिर्फ एक विमान के क्रैश होने और ऑपरेशन चलने की बात कही गई है। अब वो विमान कौन सी है इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है।

हैरान करने वाली बात यह है कि ईरान के सरकारी चैनल पर एंकर ने लाइव जनता से अपील की कि जो कोई भी दुश्मन के पायलट को जिंदा पकड़कर पुलिस के हवाले करेगा, उसे एक बहुत कीमती इनाम दिया जाएगा। दरअसल, सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिनमें कथित तौर पर अमेरिकी विमानों को इलाके में उड़ते देखा गया है।

## राज्यसभा में पद से हटाए जाने के बाद चड्ढा ने कहा: 'मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना'

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के उपनेता पद से हटाए जाने के एक दिन बाद पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को कहा कि "मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना"। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी अपनी ही पार्टी ने कहा है कि उन्हें सदन में बोलने का मौका नहीं दिया जाए। चड्ढा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा, "जब भी मुझे मौका मिलता है, मैं सदन में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाता हूं, जिनमें अक्सर अनदेखी किए जाने वाले विषय भी शामिल हैं। लेकिन क्या आम लोगों की समस्याओं के बारे में बात करना अपराध है? क्या मैंने कोई अपराध किया है?"



चड्ढा ने अपनी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय से कहा है कि उनके संसद में बोलने पर रोक लगा दी जाए। चड्ढा ने कहा, "आप ने संसद को सूचित किया है कि मुझे बोलने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। मैं उनसे कहना चाहता हूं - मेरी खामोशी को मेरी हार नहीं समझें।" उन्होंने कहा, "मैंने कई ऐसे मुद्दे उठाए जिनसे आम आदमी को फायदा हुआ। इससे आम आदमी पार्टी को क्या नुकसान हुआ? कोई मुझे बोलने से क्यों रोकना चाहता है?"

आप ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर चड्ढा को सदन में पार्टी के उपनेता पद से हटाने की मांग की और उनके स्थान पर पंजाब के सांसद अशोक मित्तल का नाम प्रस्तावित किया। सूत्रों के अनुसार, पत्र में कहा गया है कि पंजाब से राज्यसभा सदस्य चड्ढा को आप के कोटे से सदन में बोलने का समय नहीं दिया जाए। कभी आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के करीबी माने जाने वाले और देश के सबसे युवा सांसदों में से एक राघव चड्ढा ने पार्टी के कामकाज में खासकर पंजाब और दिल्ली में आप के कार्यकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## लोकसेवकों से बोले प्रधानमंत्री मोदी- 'नागरिक प्रथम' मंत्र को अपनाने की आवश्यकता

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भवः' है और सार्वजनिक सेवा को नागरिकों की जरूरतों के प्रति अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है।

पीएम मोदी ने 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरूआत पर एक वीडियो संदेश में कहा, "शासन को अब सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर एक नयी पहचान दी जा रही है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्यवस्था ही मानदंड होनी चाहिए और उन्होंने लोक सेवकों से प्रतिदिन कुछ नया सीखने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, "हमारी शासन व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में दिन-प्रतिदिन सुधार हो। यही हमारा सच्चा मानदंड है।" प्रशासनिक संस्कृति में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में



'अधिकारी' होने पर अत्यधिक जोर दिया जाता था, जबकि आज देश का ध्यान पूरी तरह कर्तव्य भावना पर केंद्रित है। उन्होंने लोकसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, "हर निर्णय से पहले यदि आप यह सोचें कि आपका कर्तव्य क्या मांगता है, तो आपके निर्णयों का प्रभाव खुद कई गुना बढ़ जाएगा।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को लगातार अद्यतन करते रहना होगा। लोकसेवकों को यह याद दिलाते हुए कि आम नागरिक के लिए स्थानीय सरकारी दफ्तर ही पूरे शासन का चेहरा होता है, मोदी ने कहा कि अधिकारियों की कार्यशैली और व्यवहार लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को सीधे प्रभावित करते हैं।

उन्होंने कहा, "हम जो भी करें, जिस भी स्तर पर करें, हमें उस विश्वास की रक्षा करनी चाहिए; यही हमारे लोकतंत्र की नींव है।" भारत की संघीय व्यवस्था का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि देश की सफलता उसके सभी राज्यों की सामूहिक सफलता है। उन्होंने "अग्रणी राज्य", "पिछड़े राज्य" और "बीमारू राज्य" जैसी पुरानी श्रेणियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर भी बल दिया और समन्वित प्रयासों के माध्यम से राज्यों के बीच की खाई को पाटने की बात कही।

## बिहार जहरीली शराब कांड : मोतिहारी में 5 ने तोड़ा दम, 15 की हालत गंभीर

**एजेंसी समाचार**

**मोतिहारी।** बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब के सेवन का भयावह मामला सामने आया है। पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव से शुरू हुए इस शराबकांड में अब तक पांच लोगों की जान जा चुकी है जबकि 15 अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। इनमें से छह लोगों की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए चली गई है। मरीजों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।



वहीं मोतिहारी पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्वी चंपारण के एसपी ने त्वरित कारवाई करते हुए तुरकौलिया रलइ उमाशंकर मांझी को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। वहीं, रघुनाथपुर चौकीदार भरत राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने तुरकौलिया और रघुनाथपुर थानों में हत्या का केस दर्ज किया है। ये केस मृतक प्रमोद यादव और हीरालाल भगत के परिजनों की शिकायत पर दर्ज हुए हैं।

एसडीपीओ ने कहा कि चौकीदार का मामला संदिग्ध है। उससे पूछताछ की जा रही है। यदि उसकी संलिप्तता होगी तो हम लोग जेल भेजेंगे। पुलिस के अनुसार कुल 11 लोगों की हालत गंभीर है। इसके अलावा सात ऐसे लोग हैं, जो प्राथमिक इलाज के बाद घर चले गए हैं।

एसडीपीओ ने दावा कि इस मामले में पुलिस की टीम ने तस्करों की चेन को पकड़ लिया है। 12 आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। जांच में और नाम आएंगे तो आगे काररवाई करेंगे। जिनसे इन लोगों ने शराब खरीदा था, उसकी भी अरेस्टिंग हो गई है।

### जम्मू कश्मीर: मुख्य इमाम उमर इलियासी का बड़ा बयान-

## पीओके की होगी घर वापसी; जल्द तिरंगे तले आएंगे वहां के लोग

**एजेंसी समाचार**

**श्रीनगर।** ऑल इंडिया इमाम संगठन के प्रमुख डॉक्टर उमर अहमद इलियासी ने एक बड़ा बयान दिया है। कश्मीर घाटी के दौरे पर पहुंचे मुख्य इमाम इलियासी ने दावा किया कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) बहुत जल्द भारत का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को पीओके की 'घर वापसी' बताया है।

श्रीनगर में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए मुख्य इमाम इलियासी ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का एक अटूट अंग है। उन्होंने कहा कि वह दिन अब दूर नहीं जब यह फिर से भारत में शामिल हो जाएगा। इलियासी ने कहा कि आज वहां के हालात बेहद खराब हैं और वहां रहने वाले लोग खुद भारत के साथ आने को बेताब हैं।

डॉक्टर इलियासी ने दावा किया कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोग अब घुटन महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहां के नागरिक खुद चाहते हैं कि एक जनमत संग्रह कराया जाए, जिससे वे खुलकर अपनी आवाज बुलंद कर सकें। इलियासी ने दावा किया कि वहां के लोग भारत में



शामिल होने की अपनी इच्छा को पूरी दुनिया के सामने रखना चाहते हैं।

**'धारा 370 हटने के बाद बदला कश्मीर का चेहरा'**

जब मुख्य इमाम से इस बड़े बदलाव की वजह पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि साल 2019 में जब से केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया है, तब से घाटी की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है।

उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में शानदार सड़कें बन रही हैं, रेल कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, बड़े पैमाने पर अवसंरचना का काम हो रहा है और अमन-चैन का माहौल है। घाटी के इसी विकास को देखकर सरहद पार यानी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में रहने वाले लोगों की आंखें खुली हैं। वे देख रहे हैं कि भारत के कश्मीर में लोग कितनी तरक्की और शांति से रह रहे हैं, जबकि वे खुद कंगाली और बदहाली से जूझ रहे हैं।

**विकास की बयार में शामिल होने की चाहत**

मुख्य इमाम ने आगे कहा कि आज दुनिया बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। पीओके के लोग भी अब खाली वादों और गरीबी से तंग आ चुके हैं। वे भारत की इस शानदार विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। यही वजह है कि वहां लगातार पाकिस्तान के खिलाफ आवाजें उठने लगी हैं।

# पुदुच्चेरी में पीएम मोदी का मेगा रोडशो

## मुख्यमंत्री रंगासामी के साथ दिखाई ताकत; उमड़ा जनसैलाब

**एजेंसी समाचार**

**पुदुच्चेरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पुदुचेरी में रोड शो के जरिए राज्य विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका। इस दौरान पीएम मोदी ने एनडीए गठबंधन के समर्थन में प्रचार किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। पुदुचेरी की सड़कों पर लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया।



पुदुचेरी में चुनावी माहौल को गरमाते हुए प्रधानमंत्री का काफिला अजंता सिग्नल से शुरू होकर कामराजर प्रतिमा तक चला। लगभग 2 किलोमीटर लंबे इस रास्ते को तय करने में करीब एक घंटे का समय लगा। इस दौरान पीएम के साथ मुख्यमंत्री और एआईएनआरसी नेता एन रंगासामी और गृह मंत्री ए नमसिवायम भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और जनता ने उन पर फूलों की बारिश की।

रोड शो के दौरान पूरे शहर में भाजपा और एआईएनआरसी के झंडे नजर आ रहे थे। सडकों के दोनों ओर खड़े समर्थकों ने भारत माता की जय और जय श्री राम के नारे लगाए। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए जगह-जगह पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पुलिस ने पीएम के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी गई।

पार्टी नेताओं का मानना है कि प्रधानमंत्री के इस दौरे से चुनाव में गठबंधन को बड़ी बढ़त मिलेगी। इससे पहले पिछले महीने भी पीएम ने पुदुचेरी का दौरा किया था और वहां 2700 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं का उद्घाटन किया था। केंद्र सरकार की विकास योजनाओं और पीएम की लोकप्रियता के दम पर एनडीए इस बार भारी बहुमत की उम्मीद कर रहा है।

पुदुचेरी विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे के तहत एआईएनआरसी 16 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। गठबंधन के अन्य साथी अन्नाद्रमुक और लक्ष्य जननायक पार्टी को 2-2 सीटें दी गई हैं। 9 अप्रैल को होने वाले इस चुनाव के लिए सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है।

# विधायक का भतीजा बनकर करोड़ों की ठगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में करोड़ों की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुरानी चांदमारी निवासी गिरिराज किशोरी ने आरोप लगाया है कि खुद को विधायक का भतीजा बताने वाले एक व्यक्ति ने उनसे माल, जेवर और बैंक से बड़ी रकम हड़प ली। तीन महीने बीतने के बाद भी पुलिस कार्रवाई न होने से पीड़िता ने जांच पर सवाल उठाए हैं।

पीड़िता के अनुसार, उन्होंने 6 जनवरी को एसएसपी को लिखित शिकायत दी थी। अधिकारियों के निर्देश पर 10 जनवरी को सुभाषनगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। आरोप है कि शिकायत में दुर्गेश सिंह समेत कई लोगों के नाम स्पष्ट लिखे गए थे, लेकिन पुलिस ने केवल एक आरोपी के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज की।

गिरिराज किशोरी का कहना है कि मुकदमा दर्ज हुए करीब तीन महीने हो चुके हैं, लेकिन न तो किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई और न ही मामले का खुलासा। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य मामलों में पुलिस तेजी दिखाती है, लेकिन इस केस में देरी कई सवाल खड़े कर रही है।

स्थानीय स्तर पर लगातार संपर्क के बावजूद संतोषजनक जवाब न मिलने से निराश पीड़िता ने अब मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शुरुआत से सभी आरोपियों को शामिल किया जाता, तो जांच प्रभावी होती।

वहीं, जिस व्यक्ति ने खुद को बदायूं के विधायक का भतीजा बताया था, संबंधित विधायक ने उससे किसी भी संबंध से इनकार किया है। इससे साफ है कि आरोपी ने फर्जी पहचान बनाकर विश्वास जीतकर ठगी को अंजाम दिया।

# योगी सरकार में पांच नदियों पर बनेंगे पुल

## बरेली को सबसे बड़ी सौगात, कैलाश, भाखड़ा और पनधैली पर बनेंगे तीन पुल, आवागमन होगा आसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली मंडल के लाखों लोगों को बड़ी सौगात दी है। शासन ने बरेली मंडल में पांच महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण के लिए 78.50 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी देते हुए 27.50 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है। इन पुलों के निर्माण से बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर के दर्जनों गांवों की वर्षों पुरानी समस्या खत्म होगी और आवागमन बेहद आसान हो जाएगा। जिले में तीन पुलों के निर्माण को हरी झंडी मिली है। फरीदपुर तहसील में टिसुआ और हसनपुर गांवों के बीच कैलाश नदी पर पुल व पहुंच मार्ग के लिए 17.63 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत कर 6.17 करोड़ जारी किए गए हैं।



मीरगंज तहसील के सिधौली-नरखेड़ा मार्ग पर भाखड़ा नदी पर पुल के लिए 14.81 करोड़ रुपये मंजूर कर 5.18 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

नवाबगंज क्षेत्र में नकटपुर और नहरपुर गौरीखेड़ा गांवों के बीच पनधैली नदी पर पुल, अतिरिक्त पहुंच मार्ग और सुरक्षा कार्यों के लिए 12.74 करोड़ रुपये की परियोजना को स्वीकृति देकर 4.45 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

शाहजहांपुर जिले में हथौड़िया से पीपल घाट मार्ग पर खन्नौत नदी पर पुल के निर्माण के लिए 18.74 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत कर 6.56 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। वहीं बदायूं जिले में शहजादनगर से रजलामई संपर्क मार्ग पर सोत नदी पर पुल निर्माण के लिए 14.38 करोड़ रुपये की मंजूरी देकर 5.03 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

### टेंडर प्रक्रिया शुरू, जल्द जमीन पर दिखेगा काम

बजट जारी होते ही राज्य सेतु निगम के अधिकारियों ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद अब निर्माण कार्य तेजी से शुरू होने की तैयारी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा कराया जाएगा।

### लकड़ी की पटरी से मिलेगी मुक्ति, बदलेगी जिंदगी

मीरगंज क्षेत्र में भाखड़ा नदी पर अभी ग्रामीण जान जोखिम में डालकर लकड़ी की पटरी से गुजरते हैं। पुल बनने के बाद सिधौली, नरखेड़ा, रेतीपुरा, खानपुर, नरेली, सुकली समेत करीब 30 गांवों के एक लाख से अधिक लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने इस पुल की मांग विधानसभा में उठाई थी, जिसके बाद अब इसे मंजूरी मिली है।

### विकास की रफ्तार को मिलेगा नया पंख

इन पुलों के निर्माण से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के क्षेत्र में भी तेजी आएगी। किसानों और ग्रामीणों को बाजार तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# रेल नेटवर्क विस्तार को मंजूरी, कई रूटों पर नई लाइन और डबल ट्रैक का प्लान



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रेलवे ने अपने नेटवर्क को मजबूत करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए बरेली समेत पूरे क्षेत्र में बड़े स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार की तैयारी शुरू कर दी है। रेलवे की 'पिंक बुक' में कई अहम परियोजनाओं को मंजूरी मिलते ही जिले में रेल कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलने के संकेत हैं।

सबसे अहम परियोजना रोजा-मुरादाबाद रेलखंड (172 किमी) से जुड़ी है, जहां तीसरी और चौथी लाइन बिछाने के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी दे दी गई है। यह रूट पहले से ही बेहद व्यस्त माना जाता है। नई लाइनों के बनने से ट्रेनों की संख्या बढ़ेगी और लंबे समय से बनी ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक खत्म हो सकेगी। बरेली से अलीगढ़ जंक्शन के बीच चंदौसी मार्ग (167.74 किमी) पर दोहरीकरण के लिए भी फाइनल सर्वे को हरी झंडी मिल गई है। इस परियोजना के पूरा होने से यात्रियों को तेज और सुगम सफर मिलेगा, वहीं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी।

### पीलीभीत-मैलानी-बरेली सेक्शन भी अपग्रेड की तैयारी में

सीतापुर-मैलानी-पीलीभीत-बरेली रेलखंड (212.3 किमी) के दोहरीकरण का सर्वे भी प्रस्तावित है। इसके अलावा भीरा से मैलानी (16 किमी) के बीच गेज परिवर्तन के लिए लोकेशन सर्वे को मंजूरी दी गई है। इससे इस पूरे क्षेत्र में रेल सेवाओं की गुणवत्ता और क्षमता में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। रेलवे ने भोजीपुरा बाईपास लाइन (सेंथल-देवरनिया) (14 किमी) के निर्माण के लिए भी सर्वे को मंजूरी दी है। इस बाईपास लाइन के बनने से मालगाड़ियों और अन्य ट्रेनों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे मुख्य रूट पर दबाव कम होगा।

### यात्रियों को मिलेगा सीधा फायदा

इन सभी परियोजनाओं के लागू होने के बाद बरेली और आसपास के जिलों के यात्रियों को ज्यादा ट्रेनों की सुविधा, कम समय में यात्रा और बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। साथ ही माल ढुलाई भी तेज होगी, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे का फोकस अब व्यस्त रूटों पर क्षमता बढ़ाने, ट्रेनों की संख्या में इजाफा करने और नेटवर्क को आधुनिक बनाने पर है। बरेली में मंजूर हुए ये सर्वे इसी रणनीति का हिस्सा हैं, जो आने वाले समय में इस क्षेत्र को बड़ा रेल हब बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होंगे।

# पुलिस ने शौच के रास्ते निकलवाया चांदी का ब्रेसलेट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी थाना पुलिस ने चोरी के एक सनसनीखेज मामले का ऐसा खुलासा किया, जिसने सबको चौंका दिया। शातिर चोर ने पुलिस से बचने के लिए चांदी का ब्रेसलेट निगल लिया, लेकिन पुलिस ने मेडिकल प्रक्रिया के जरिए उसे बरामद कर लिया। आरोपी को अब जेल भेजने की तैयारी है।

सम्राट अशोकनगर कॉलोनी निवासी अशोक कुमार सिंह के घर 31 मार्च की रात करीब तीन बजे चोरी हुई थी। चोर मेन गेट खोलकर बुलेट बाइक, चांदी का ब्रेसलेट और दो मोबाइल लेकर फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने महज 24 घंटे में ही घटना का खुलासा कर दिया और एक अप्रैल को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज अहम साबित हुआ। फुटेज में चोर का कान और चेहरे का कुछ हिस्सा दिखाई दिया। इसके आधार पर पुलिस ने यक्ष एप की मदद से हजियापुर निवासी सिकंदर उर्फ छोटा की



पहचान की, जिस पर पहले से 18 मुकदमे दर्ज हैं।

### दबोचते ही निगल गया ब्रेसलेट

पुलिस ने सिकंदर को उसके साथी मुकेश के साथ डोहरा ग्राउंड से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से बुलेट, स्प्लेंडर बाइक और मोबाइल बरामद हुए। गिरफ्तारी के दौरान ही सिकंदर ने सबूत मिटाने के लिए चांदी का ब्रेसलेट निगल लिया और पूछताछ में इसकी जानकारी नहीं दी। बाद में उसके साथी मुकेश ने इशारों में पुलिस को इसकी सूचना दी।

पुलिस ने जब सिकंदर का एक्स-रे कराया तो उसके पेट में ब्रेसलेट होने की पुष्टि हो गई। इसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दवाइयों के जरिए 24 घंटे बाद शौच के रास्ते ब्रेसलेट बाहर निकलवा लिया। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय के मुताबिक, मेडिकल प्रक्रिया के बाद ब्रेसलेट बरामद कर लिया गया है और आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### नेपाल तक फैला चोरी का नेटवर्क

पूछताछ में सिकंदर ने खुलासा किया कि वह चोरी की बुलेट बाइक को नेपाल में बेचने की फिराक में था, जबकि स्प्लेंडर बाइक शाहजहांपुर के कटरा क्षेत्र में बेचने का सौदा कर चुका था। सिकंदर हाल ही में जमानत पर जेल से छूटा था, जबकि उसका साथी मुकेश दुष्कर्म के मामले में पहले जेल जा चुका है। दोनों की दोस्ती जेल में ही हुई थी और बाहर आते ही दोनों ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के बलिदान को किया नमन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** धन्य शुक्रवार यानी गुड फ्राइडे के अवसर पर शहर के इंग्लिश मेथोडिस्ट चर्च में विशेष आराधना का आयोजन किया गया। इस दौरान मसीही समाज के बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को स्मरण किया।

गुड फ्राइडे वह पावन दिन है, जब प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानवता के पापों को अपने ऊपर लेकर सूली पर प्राण त्याग दिए। विश्वभर में इस दिन गलगोथा पर दी गई उनकी अमानवीय यातनाओं और बलिदान को याद किया जाता है, साथ ही उनके प्रेम, करुणा और समर्पण के संदेश को आत्मसात किया जाता है।




इंग्लिश मेथोडिस्ट चर्च में आयोजित आराधना के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से प्रभु की स्तुति की। इसके बाद प्रभु यीशु द्वारा क्रूस पर कहे गए सात वचनों को विभिन्न वक्ताओं ने प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोगों ने आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त की।

आराधना में प्रतिभा, अनीता, विपिन, सौरभ और जेन थॉमस ने प्रभु के संदेशों को साझा किया। वहीं, गीतों का संचालन राजीव पॉल द्वारा किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में चर्च के पादरी शिव चन्द ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और उनके संदेश को विस्तार से समझाया और सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

आराधना के सफल संचालन में डार्विन, एस्थर, अभिषेक, अभिनव और अजय का विशेष योगदान रहा।

# सड़क हादसे में तीन की मौत, परिवार में कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिले में हुए तीन अलग-अलग सड़क हादसों ने तीन परिवारों की खुशियां उजाड़ दीं। कहीं मजदूर की मौके पर मौत हुई, तो कहीं दुकानदार और किसान ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इन हादसों ने एक बार फिर सड़कों पर लापरवाही और तेज रफ्तार के खतरनाक सच को उजागर कर दिया है।

बहेड़ी थाना क्षेत्र के शेरगढ़ रोड पर गुरुवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ। गांव खागाई निवासी 40 वर्षीय गंगाराम अपने साथी ओमपाल के साथ बाइक से लालपुर से रुद्रपुर काम पर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गंगाराम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि ओमपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय




लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर में चीख-पुकार मच गई। पत्नी सावित्री का रो-रोकर बुरा हाल है। गंगाराम ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला था।

दूसरा हादसा भुता थाना क्षेत्र में हुआ, जहां गांव डांडिया नवाजिया अली निवासी 50 वर्षीय गंगा प्रसाद की जान चली गई। वह भगवा बाजार स्थित अपनी परचूनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। भुता रोड पर एफसीआई गोदाम के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गंगा प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों को सूचना दी।

### दो बाइकों की भिड़ंत, किसान ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

तीसरा हादसा विशारतगंज थाना क्षेत्र में सामने आया। ग्राम ब्राह्मनाथ निवासी देवदास की दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में गंभीर चोटें आईं। घटना 31 मार्च की है, जब देवदास अपनी ससुराल गहरा से घर लौट रहे थे। तखतपुर गांव के पास बलिया रोड पर दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। घायल देवदास को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। देवदास खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी रेखा और तीन छोटे बच्चे हैं।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, अज्ञात वाहनों की तलाश जारी

तीनों ही मामलों में पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहनों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। लगातार हो रहे इन हादसों ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार पर लगाम लगाने की जरूरत को उजागर कर दिया है।

# इज्जतनगर रेल मंडल 9वें स्थान पर, आय-सुविधाओं में रिकॉर्ड वृद्धि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसने इसे देश के टॉप डिवीजनों की कतार में ला खड़ा किया है। मंडल रेल प्रबंधक सुश्री वीणा सिन्हा के नेतृत्व में न सिर्फ रैंकिंग सुधरी, बल्कि राजस्व, यात्री सुविधाएं, डिजिटल सिस्टम और सुरक्षा–हर क्षेत्र में बड़ा उछाल देखने को मिला। शुक्रवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने प्रेस वार्ता में इन उपलब्धियों का खुलासा किया।

इज्जतनगर डिवीजन ने दिसंबर 2025 की अखिल भारतीय रैंकिंग में 9वां स्थान हासिल कर बड़ी छलांग लगाई है। यह उपलब्धि 2019 के बाद की सर्वश्रेष्ठ मानी जा रही है। इसके साथ ही जनवरी 2026 में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बरेली




की बैठक में 57 केंद्रीय कार्यालयों के बीच हिंदी के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए मंडल को प्रथम स्थान मिला।

जल संरक्षण, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण और कार्बन उत्सर्जन कम करने के प्रयासों के लिए मंडल को 'वाटर ट्रांसवर्सैलिटी ग्लोबल अवार्ड्स 2026' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 6 मार्च को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रदान किया। मंडल में मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में 12 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। यात्रियों की सुविधा के लिए 4 प्रमुख ट्रेनों को एलएचबी कोच में बदला गया, जबकि स्टेशनों पर 9 नई लिफ्ट और 12 एस्केलेटर शुरू किए गए। इससे खासतौर पर बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

### कमाई में उछाल: 560 करोड़ से ज्यादा का राजस्व

इज्जतनगर मंडल ने इस साल 560.19 करोड़ रुपये का कुल राजस्व अर्जित किया, जो पिछले साल से 3.81 प्रतिशत अधिक है। 69 मिलियन यात्रियों ने सफर किया, यात्री आय: 365.46 करोड़ रुपये, माल ढुलाई: 161.66 करोड़ रुपये और टिकट चेकिंग: 3.51 लाख मामलों में 20.03 करोड़ की वसूली की। यह आंकड़े मंडल की मजबूत आर्थिक स्थिति की ओर इशारा करते हैं। वहीं मंडल ने सभी स्टेशनों पर त्तक्र कोड आधारित क्ष्ह्व भुगतान शुरू कर दिया है। 'ज्ञस ऑन मोबाइल' सेवा से 31.3 लाख यात्रियों ने टिकट लिया, जिससे 4.15 करोड़ रुपये की आय हुई। साथ ही ऋष्ज्ञ केस फाइलों में त्तक्र कोड जोड़कर डिजिटल साक्ष्य प्रणाली लागू की गई है, जिसे रेलवे में बेस्ट प्रैक्टिस माना जा रहा है।

### स्पीड 110 किमी/घंटा, सुरक्षा के लिए 75 किमी फेंसिंग

रेल ट्रैक की गुणवत्ता और सुरक्षा पर विशेष फोकस करते हुए 22.86 किमी ट्रैक पर गति 110 किमी/घंटा तक बढ़ाई गई है। पशुओं से टकराव रोकने के लिए 60 किमी के लक्ष्य के मुकाबले 75 किमी तक फेंसिंग कर दी गई। रेलवे ने अपने कर्मचारियों पर भी खास ध्यान दिया, 31 प्रतिशत ज्यादा कर्मचारियों को ट्रेनिंग, 367 कर्मचारियों को प्रमोशन और 90 रेलवे क्वार्टरों की री-वायरिंग इससे कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों में सुधार हुआ है।

### लोकोमोटिव और ग्रीन एनर्जी में बड़ा विस्तार

इज्जतनगर लोको शेड में इस साल 42 नए इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव जोड़े गए, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। मंडल के पास अब कुल 200 लोकोमोटिव हैं–142 इलेक्ट्रिक और 58 डीजल। साथ ही 319 किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर हरित ऊर्जा की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, आने वाले समय में यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और संचालन क्षमता को और बेहतर बनाने के लिए लगातार नए कदम उठाए जाएंगे। इज्जतनगर मंडल अब स्मार्ट और डिजिटल रेलवे की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# आयु सीमा बढ़ी, अब एक फॉर्म से दो पदों पर मौका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। बरेली सेना भर्ती कार्यालय ने अग्निवीर भर्ती 2026-27 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार भर्ती प्रक्रिया में अहम बदलाव किए गए हैं, जिनमें सबसे बड़ा बदलाव आयु सीमा को एक वर्ष बढ़ाना है। अब 17.5 वर्ष से 22 वर्ष तक के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तय की गई है, जबकि लिखित परीक्षा जून में आयोजित होगी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा और मेडिकल परीक्षण से गुजरना होगा।

इस बार उम्मीदवारों को एक ही आवेदन पत्र के जरिए दो पदों के लिए आवेदन करने का मौका मिलेगा। हालांकि दोनों में चयन होने पर अंतिम रूप से एक ही पद का चयन करना होगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क/स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन और अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस के पद शामिल हैं। नर्सिंग सहायक (एनए/एनए वेट) के लिए अधिकतम आयु 23 वर्ष और सिपाही फार्मा के लिए 25 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन शुल्क सभी वर्गों के लिए 250 रुपये रखा गया है।

बरेली भर्ती कार्यालय के अंतर्गत बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, फर्रुखाबाद, हरदोई, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, संभल, श्रावस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर समेत कई जिले आते हैं। इन सभी जिलों के अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA

हजारों संतुष्ट ग्राहक

ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- MSME ₹ 499
- NGO Registration ₹12999
- 12 A ₹4999
- Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
- 80G ₹4999
- E- Anudan ₹999
- Trade Mark ₹7999
- Private Company Registration ₹11999

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

ISO Registration ₹4999

Contact: 7500223290 7500277920

T&C Apply

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### 5 अप्रैल को रामपुर आएंगे नकवी

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी दो दिवसीय प्रवास पर 5 अप्रैल रविवार को दोपहर 2 बजे रामपुर पहुंचेगें। आगमन के बाद शंकरपुर स्थित अपने निवास पर कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और लोगों से मिलेंगे। नकवी 6 अप्रैल सोमवार को दिन में 11 बजे दीनदयाल चौक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात अपराह्न में दिल्ली वापस जाएंगे।

# बिना मानक के संचालित स्पा सेंटरों पर प्रशासन का छापा

## सिटी मजिस्ट्रेट, अग्निशमन विभाग ने बंद कराए छह सेंटर, छापेमारी के दौरान अनापत्ति प्रमाण पत्र अन्य आवश्यक अनुज्ञप्तियां उपलब्ध नहीं हो पाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में बिना मानक के संचालित स्पा सेंटरों पर प्रशासनिक अधिकारियों ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान छह सेंटर को बंद कराया। छापेमारी के दौरान सेंटर के अभिलेखों में अधिकारियों को नगर पालिका एवं फायर विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र अन्य आवश्यक अनुज्ञप्तियां उपलब्ध नहीं हो पाई। इस पर अधिकारियों सभी सेंटरों पर बंद कराए जाने की कार्रवाई की। जिसके बाद

शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम के नेतृत्व में सिविल लाइंस पुलिस, अग्निशमन विभाग और नगर पालिका परिषद की टीम ने संयुक्त रूप से गन्ना सोसायटी शौकत अली रोड स्थित रोज थैरेपी वेलनेस एंड स्पा पर छापा मारा। टीम के अचानक आने पर संचालक में खलबली मच गई। टीम में प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पा सेंटरों के अभिलेखों का सत्यापन किया तो काफी अनिमित्ताएं मिली। यह देख अधिकारियों ने सेंटर को बंद कराए जाने, मानकों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि आमजन की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। छापेमारी के दौरान सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ओंकार सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक डॉ.अविनाश कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।



स्पा सेंटर में छापेमारी के दौरान खड़े पुलिसकर्मी।



स्पा सेंटर से सामान लेकर जाती युवती।



थेरपी स्पा सेंटर के नीचे अधिकरियों की गाड़ियां। -जागरण मोर्चा

### बिना पंजीकरण के चल रहे स्पा सेंटर

शहर में कई स्पा सेंटर बिना पंजीकरण के चल रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पा सेंटरों पर छापेमारी करने से युवतियों ने सामान समेटना शुरू कर दिया। छापेमारी के दौरान संचालकों में खलबली मच रही। कई संचालक तो फोन घुमाते रहे। आखिर यह किस की शहर पर सेंटरों का संचालन हो रहा था।

### इन सेंटरों को कराया बंद

रोज थेरेपी स्पा सेंटर, गन्ना सोसाइटी शौकत अली रोड, गोल्ड क्लासिक स्पा एंड सालों स्पा सेंटर आवास विकास, गोल्डन हैंड स्पा सेंटर, फ्रेंड्स कॉलोनी, गोल्डन हैंड स्पा सेंटर द्वितीय, शौकत अली रोड, मैंगो स्पा सेंटर, शौकत अली रोड, प्रियंका लीफ स्पा पार्लर सेंटर, एलआईसी रोड को बंद कराया गया।

## 7 को पालिका में होगी नामित सभासदों की शपथ

रामपुर। नगर पालिका परिषद में आगामी 7 अप्रैल को पांच नामित सभासदों को शपथ दिलाई जाएगी। जिसमें पूजा शर्मा, पीयूष कुमार, विनोद विश्नोई, मुकेश आर्य, अजय अरोड़ा के नाम शामिल है। शपथ पालिकाध्यक्ष, ईओ की मौजूदगी में होगी। इसको लेकर पालिका प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। पालिका में 43 वार्ड सभासद है। पालिका प्रशासन ने सभी सभासदों को दो प्रस्तावों का एजेंडा भेजा है। जिसमें एक तो शपथ ग्रहण, जबकि दूसरा वित्त वर्ष 2026–27 के विकास कार्य, वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

## बिलासपुर गेट क्षेत्र की पांच घंटे को बंद रहेगी बिजली

**रामपुर।** एसडीओ तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि 33/11 केवी बिलासपुर गेट उपकेंद्र से सम्बंधित 33 केवी बिलासपुर लाइन का बिजनेस प्लान 2025-26 के अंतर्गत जर्जर तार बदलने, लाइन की ऊंचाई बढ़ाने और अनुरक्षण, पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई, अंडरसाइज्ड सही किए जाने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक जौहर बगी, नानकार, नई बस्ती क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। लगते समय समय सुरक्षा की दृष्टि से 33 केवी थाना गंज भी 30 मिनट के लिए बंद रहेगी।

# मासूम को बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** मानसिक रूप से कमजोर नौ वर्षीय मासूम को ई-रिक्शा चालक द्वारा बहला-फुसलाकर कर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंचे हिंदू कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाला अनुसूचित जाति का व्यक्ति शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम के साथ थाने पहुंचा।प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह से मिला।उन्हें लिखित शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में बताया कि उसकी नौ वर्षीय पुत्री मानसिक रूप से कमजोर है। बिना बताए घर से गायब हो जाती है। दोपहर ढाई बजे उसकी पुत्री कहीं चली गई। वह पुराने तहसील रोड पर पहुंची। जहां उसे एक ई-रिक्शा चालक उसे बहला-फुसलाकर ले जा रहा था।आरोप है कि ग्राम फाजलपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास चालक उसकी पुत्री को रिक्शा से उठाकर झाड़ियों में ले जा रहा था इस दौरान राहगीरों ने उक्त चालक को दबोच लिया। उसके परिवार को इसकी सूचना दी। उधर राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रमोद दिवाकर के नेतृत्व में टीम पहुंची। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। इस पर आक्रोशित टीम को शांत करते हुए उचित कार्रवाई अमल में लाए जाने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर प्रदीप गंगवार, साजन वाल्मीकि, सुनील कश्यप, मुनीष, मुकेश, विशाल, निखिल, अनुज आदि मौजूद रहे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता के पिता की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है,अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

15 साल की शिक्षा की उड़ान,
भविष्य को दें रहे हैं एक नई पहचान
संचालित-सिल्वर स्टोन सेवा समिति बहजोई द्वारा

SILVER STONE SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E. Delhi)

ADMISSION OPEN
Nursery to 9th & 11th
For Session : 2026-27

4 वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी कक्षाओं में
No Building Fee | No Annual Fee | No Exam Fee

स्कूल के 15 वर्ष पूर्ण होने पर
MEGA LUCKY DRAW OFFER*
200+ Lucky Winners
10 अप्रैल या उससे पहले प्रवेश लेने पर, छात्रों को एक लकी कूपन मिलेगा और उन्हें रोमांचक उपहार पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा।



*Terms and conditions apply

Add : Bahjoi Road, Chandausi (Sambhal)
9286396838, 8273612222
e-mail : sspschandausi11@gmail.com website : www.silverstonepublicschoolchandausi.com

## युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**धमोरा।** रामपुर-बरेली हाईवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मंदबुद्धि युवक की सड़क हादसा में मौत हो गई। जबकि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र के हाईवे स्थित स्वाति मेंथॉल फैक्ट्री के सामने गुरुवार देर रात का है। गांव निवासी मोटा पुत्र अमीर शाह मृतक के मेहनत मजदूरी करके अपनी गुजर बसर करते हैं। साथ मृतक मोटा दिमाग से हल्का होने के बाद गांव और रोड पर इधर उधर घूमता रहता था। बीते दो दिन पूर्व गुरुवार की देर भी वह घूमता हुआ शहजादनगर में हाईवे स्थित रोड किनारे स्वाति मेंथॉल के सामने जा पहुंचा। जिसके चलते रात्रि में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर जिससे हादसे में मंदबुद्धि मोटा की मौत हो गई। जिसके बाद सूचना पर पहुंची शहजादनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही हादसे की जानकारी मृतक के परिवार को दे दी।मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन भी रामपुर जिला अस्पताल पहुंच गए।

## यूपीपीसीएल बिलिंग सिस्टम 16 घंटे रहेगा बंद

रामपुर। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड यूपीपीसीएल की आरएमएस बिलिंग प्रणाली में रखरखाव और कॉन्फिगरेशन कार्य के कारण उपभोक्ताओं को अस्थायी असुविधा के लिए आज सामना करना पड़ेगा। यह प्रणाली 3 अप्रैल 2026 की रात 10 बजे से 4 अप्रैल 2026 की दोपहर 2 बजे तक, कुल 16 घंटे के लिए पूरी तरह बंद रहेगी। अधीक्षण अभियंता सतेंद्र चौहान ने बताया कि 16 घंटे की अवधि में यूपीपीसीएल और सहयोगी डिस्कॉम की सभी ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित रहेंगी। इनमें बिल भुगतान, स्मार्ट मीटर रिचार्ज, बिल जनरेशन, लोड वृद्धि के साथ–साथ उपभोक्ता पोर्टल और मोबाइल ऐप से संबंधित सभी सेवाएं शामिल हैं। जिन उपभोक्ताओं का बैलेंस कम है, वे इस अवधि में न तो रिचार्ज कर पाएंगे और न ही उनकी बिजली आपूर्ति बहाल हो सकेगी। उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवधि को ध्यान में रखते हुए अपने आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। किसी भी सहायता के लिए 1912 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मनोना धाम से लौट रही श्रद्धालुओं भरी कार खंभे से टकराई, सात घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार को मनोना धाम से वापस आ रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी थाना सैफनी के बलुपुरा मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े खंभे से जा टकराई। हादसे में कार सवार सात श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को राहगीरों व पुलिस की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भेजा।जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर पांच की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के बलुपुरा गांव के मोड़ के पास एक कार बाइक सवार को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे खड़े खंभे से जा टकराई। हादसे में मनोना धाम से लौट रहे श्रद्धालु सोनम निवासी नगला हसन कुंदरकी, जगपाल निवासी नगला हसन कुंदरकी, अनिल निवासी राजगोला पाकवाड़ा, ओमवती निवासी राजगोला पाकवाड़ा, दिशा निवासी राजगोला पाकवाड़ा, अनु निवासी नगला हसन कुंदरकी और मीनू निवासी नगला हसन कुंदरकी घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी शाहबाद भेजा गया। जहां डॉक्टर ने घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए सोनम, जगपाल, अनिल, ओमवती और दिशा की गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।



घायल श्रद्धालुओं को सीएचसी शाहबाद पर उपचार देते स्वास्थ्य कर्मी।

# पनवड़िया का अंडरपास बदहाल, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

## आवागमन में राहगीरों को दिक्कत, वैकल्पिक रास्ता पूर्ण रूप से बंद

- फाटक बंद होने के कारण घंटों खड़े रहते राहगीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



रोडवेज बस अड्डे के सामने बने अंडरपास के रास्ते को किया गया बंद।

**रामपुर।** राम रहीम पुल की मरम्मत के आवागमन बंद करने से उत्पन्न लोगों की परेशानी अभी तक दूर नहीं हो पाई है। रोडवेज बस अड्डे के सामने बने अंडरपास के हालत बदहाल है। पिछले कई रोज से साफ-सफाई का काम चल रहा है,जिस कारण से स्थिति जस की तस हो रखी है। पनवड़िया वाला रेलवे क्रासिंग बंद होने के कारण इस भीषण गर्मी में घंटों लोग जाम में फंसे रहते हैं,लेकिन अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

वैकल्पिक मार्ग अभी तक खराब होने के साथ-साथ जाम लग रहा है। जिससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। कभी खराब रास्ते के कारण तो कभी जाम लगने के कारण लोगों को फंसना पड़ रहा है। हालांकि आगापुर रोड के जलभराव वाले स्थान पर रेत डलवाकर उसे जरूर समतल कर देने से लोगों को कुछ राहत मिली है।24 मार्च से राम रहीम पुल पर सभी तरह का ट्रैफिक प्रतिबंधित है। आवागमन रोकने के लिए पुल के दोनों तरफ दीवार खड़ी कर बेरियर लगाकर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। जो 20 मई तक पूरा होगा। इस कारण ज्वालानगर मार्गों से आने-जाने वाले काफी दिक्कत हो रही है,हालांकि ज्वालानगर से शहर की तरफ आने के लिए चार पहिया वाहन सवारों को बाइपास से बरेली रोड के कोसी पुल से होकर जाने की व्यवस्था है। इससे भारी चार पहिया वाहन आ और जा भी रहे हैं। यह रास्ता 12 से 15 किलोमीटर लंबा पड़ने के कारण दुपहिया वाहन सवार, ई-रिक्शा सवार और हल्के चार पहिया वाहन और अन्य वैकल्पिक मार्ग किट प्लाई वाले रास्ते से पनवड़िया होकर दूसरी तरफ आगापुर रोड, मंसूरपुर रोड होकर सीआरपीएफ गेट के बराबर वाले रास्ते होकर आ रहे हैं। इन रास्तों की हालत खस्ता बनी हुई है। जिससे जाम से जूझना पड़ रहा है।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

शिव बिहार से बिजली विभाग के दफ्तर की तरफ निकलने वाले मार्ग के बीच में बना अंडरपास पड़ता है। जो गदंगी से अटा होने होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। हालांकि शुक्रवार को सफाई कार्य कराया गया और पूर्ण रूप से अंडरपास को बंद कर दिया गया है। लेकिन अभी तक पूरी तरह साफ नहीं हो पाया है। इसको लेकर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। लापरवाही की वजह से लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही है।

### कभी हो सकता है बड़ा हादसा

राम रहीम पुल पर मरम्मत कार्य के चलते लोग रेलवे ट्रैक को पार कर रहे हैं। दिन भर में एक बाद एक ट्रेन, मालगाड़ियों की भी आवाजाही रहती है। 24 घंटे में से लगभग 17 घंटे तक ट्रेनों की आवाजाही के कारण ट्रैक बंद रहता है। जिससे लोग जाम में फंसे रहते हैं।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत



**रामपुर।** रामपुर स्वार मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायलहो गया। देख मौके से वाहन चालक फरार हो गया। उपचार के लिए लोग जब जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।


शहर कोतवाली के मोहल्ला सराए गेट निवासी रोहित पुत्र कैलाश जोकि स्वार में करियर्स की फैक्ट्री में कार्य करता था। शुक्रवार की शाम भी वह फैक्ट्री से काम करके लौट रहा था तो इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे ज़ोर से टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। वहीं युवक की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है

# दुखद: यूक्रेन-यूरोप की जंग में मसवासी के युवक की हुई मौत

- मौत होने से क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर, आठ महीने से गया था युवक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मसवासी।** होटल में वेटर की नौकरी करने गया युवक यूक्रेन यूरोप की जंग में कूड़ा गोली लगने से मौत हो गई।



रूस-यूक्रेन युद्ध में मौत हो जाने से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। युवक करीब आठ महीने पहले रोजगार के सिलसिले में रूस गया था। जहां वह कथित तौर पर एक होटल में वेटर की नौकरी करने वाला था। लेकिन बाद में वह सेना में भर्ती होकर युद्ध में शामिल हो गया। यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष के दौरान गोली लगने से उसकी मौत हो गई।

फतेहगंज निवासी दूल्हा हसन का 22 वर्षीय पुत्र शावेद इंटरमीडिएट पास था। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से विदेश गया था। परिजनों के मुताबिक, उसे रूस में होटल में काम दिलाने का झांसा दिया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद वह किसी बिचौलिए के बहकावे में आकर सेना में भर्ती हो गया। युद्ध क्षेत्र में तैनात कर दिया गया।

### इंटरमीडिएट पास था मृतक

फतेहगंज निवासी दूल्हा हसन का 22 वर्षीय पुत्र शावेद इंटरमीडिएट पास था। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से विदेश गया था। परिजनों के मुताबिक, उसे रूस में होटल में काम दिलाने का झांसा दिया गया था। लेकिन वहां पहुंचने के बाद वह किसी बिचौलिए के बहकावे में आकर सेना में भर्ती हो गया। युद्ध क्षेत्र में तैनात कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हाल ही में यूक्रेन की ओर से हुई गोलाबारी के दौरान शावेद को गोली लग गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### शव लेने को एयरपोर्ट रवाना हुए परिजन

शव के लिए दिल्ली एयरपोर्ट रवाना हो गए हैं, हालांकि खबर लिखे जाने तक शव के भारत पहुंचने की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। मृतक चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। परिवार कृषि कार्य और पशुपालन कर किसी तरह अपना गुजारा करता है। गांव में घटना के बाद गहरा मातम पसरा हुआ है।

# चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट




**मसवासी।** स्वार थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर उत्तरी में प्रधान पति के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। इस मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार को ग्राम खानपुर उत्तरी में प्रधान पति राजीव गौतम गांव में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया,विवाद के दौरान आरोपियों ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें अपमानित किया और मारपीट कर दी।

देखते ही देखते मामला बढ़ गया।दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि पथराव शुरू हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्वार थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालात को काबू में किया। पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया और उन्हें एसडीएम न्यायालय में पेश किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके

## कर की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर।** कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अजीतपुर निवासी नन्हे किसी काम से बाइक से पटवारी की ओर जा रहा था कि रास्ते में सामने से आ कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही।

# युवकों से मारपीट करने में ग्राम प्रधान समेत छह पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय




**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र में लाइब्रेरी के तीन युवकों के साथ मारपीट कर घायल व बाइक में आग लगाने पर ग्राम प्रधान समेत छह लोगों पर केस हो गया है। जिसके चलते पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी।

मामला थाना क्षेत्र के दीनपुर और नानकार गांव से जुड़ा है। गुरुवार देर रात दीनपुर गांव निवासी रोहित , रितेश पुत्र प्रेम सिंह अपने एक साथ प्रमोद पुत्र गजराज सिंह के साथ मिलकर थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। कि हाईवे स्थित धमोरा गांव में तरुण नमक व्यक्ति के साथ मिलकर लाइब्रेरी चलाते हैं तीनों युवकों तहरीर देकर आरोप लगाया कि गुरुवार को तीनों दोस्त एक बाइक से सवार होकर लाइब्रेरी जा रहे थे। तभी रास्ते में ही आलोक, गौरव, सतीश पुत्र लालराम ने अपने अन्य साथियों अंश, अनेक सिंह और ग्राम प्रधान महावीर यादव के साथ मिलकर बाइक को रोक लिया।

जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। इस दौरान देखते ही देखते आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। जिसके चलते मारपीट के दौरान आरोपियों ने तीनों युवकों की बाइक को आग के हवाले कर दिया। जिसके चलते बाइक आग का गोला बन गई।

जिसके बाद आरोपी रितेश, रोहित और प्रमोद को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना पुलिस ने तीनों पीड़ितों की तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान महावीर यादव समेत छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिस लाइन में गोष्ठी का हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस लाइन में मीटिंग लेते एसपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस लाइन में सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान जनपद में अपराध नियंत्रण तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों को निम्नलिखित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए । वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए।.समस्त थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त की जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखी जाए ।आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाए ।समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन रात्रि गणना कर उपस्थित कर्मियों को अनुशासित रखते हुए किसी भी अनुचित गतिविधि में संलिप्त न रहने हेतु हिदायत दी जाए एवं यक्ष ऐप पर बीट सूचना अपडेट करने हेतु निर्देशित किया।इसके अतिरिक्त महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया । साथ ही जनपदीय पुलिस को सतत भ्रमणशील रहने एवं जनसंपर्क बढ़ाने हेतु भी निर्देशित किया गया ।

## बिना हेलमेट वालों के खिलाफ चला अभियान

**रामपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को बिना हेलमेट वालों के खिलाफ इस दौरान कई वाहनों के चालान काटे गए। जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उसी के चलते ट्रैफिक पुलिस द्वारा रोजाना चेकिंग अभियान चलाया जाता है। शुक्रवार को भी ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों के चालान काटे। जिससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया।

# महिलाओं को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय


महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस - 5 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद रामपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति केन्द्र की टीमों एवं जनपद स्तरीय टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया ।

थाना-स्तरीय टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बाजारों, शॉपिंग मॉल, पार्क एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि, मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ,बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई, ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें। आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें ।

## शॉपिंग कार्निवल मेला...




तोपखाना स्थित यंग मैन हॉकी मैदान शॉपिंग कार्निवल में जलपरी देखते लोग, महिला द्वारा जलपरी का लिया जाता फोटो। -जागरण मोर्चा

खेल | वॉरियर्स को हराकर अमित सिंह चौहान बने मैन ऑफ द मैच

# रामपुर मेवरिक्स- वॉरियर्स को 11 रन से हराया मैच

जागरण मोर्चा, कार्यालय


शहीद ए आजम स्पोटर्स स्टेडियम में खड़े विजयी टीम के खिलाड़ी।

**रामपुर।** शहीद ए आजम स्टेडियम में खेले गए क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में रामपुर मेवरिक्स ने रामपुर वारियर्स को 11 रनों से हरा दिया। यह मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामपुर मेवरिक्स ने निर्धारित 25 ओवर में 193 रन का मजबूत स्कोर बनाया।

टीम की ओर से रवि वीर सिंह ने सर्वाधिक 55 रन बनाए। जबकि लक्ष्य सिंह ने 43 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। रामपुर वॉरियर्स की ओर से गेंदबाजी में अभिषेक चौधरी ने दो विकेट लिए। लक्ष्य शर्मा ने भी प्रभावी गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में 34 रन देकर दो विकेट हासिल किए, जबकि वाजिद अली को एक सफलता मिली। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामपुर वॉरियर्स की टीम 25 ओवर में 182 रन ही बना सकी और 11 रनों से मैच हार गई। वॉरियर्स के लिए अभिषेक चौधरी ने 47 और वाजिद ने 39 रनों की तेज पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर पाए। रामपुर मेवरिक्स के गेंदबाजों ने अंतिम ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी कर मैच का रुख अपनी ओर मोड़ा और टीम को जीत दिलाई। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए अमित सिंह चौहान को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार स्वाति सिंघल ने प्रदान किया।

इस अवसर पर रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन ने टूर्नामेंट की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने डॉ. डीएस चौहान को उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

# मॉर्निंग क्लब ने कॉलोनी रुद्रपुर को 3-2 से हराया

## रामपुर-स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी फिजिकल स्टेडियम में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट

जागरण मोर्चा, कार्यालय



रामपुर-स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी फिजिकल स्टेडियम में फुटबाल टूर्नामेंट में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**रामपुर।** क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे दिन मुख्य अतिथि ने युवा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और उनका उत्साहवर्धन किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का आनंद लिया।

शुक्रवार को मैच मॉर्निंग क्लब रामपुर और बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले हाफ में मैच शुरू होते ही मॉर्निंग क्लब रामपुर के खिलाड़ी सदान ने मैच 17 वें मिनट मे 1 गोल मारकर बढ़त बना। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला हाफ अपने नाम कर लिया। वहीं बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर की टीम पूरे हाफ में संघर्ष करती रही। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ के 58 वें मिनट में बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर के खिलाड़ी ने शानदार फ्री किक लगाते हुए गोल में तब्दील कर दिया। जिसके बाद दोनों ही टीमें एक एक की बराबरी पर छूट गया। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट के द्वारा किया गया। पैनाल्टी शूट आउट में मॉर्निंग क्लब रामपुर ने बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर को 3-2 से हरा दिया। मैच के निर्णायक अजीत कुमार लाइन मैन की भूमिका शिवम और हिमेश ने निभाया। शनिवार को मैच रुड़की और टांडा रामपुर के बीच शाम 4 बजे से खेला जाएगा। इस अवसर पर मनोज कुमार, अभिषेक लाल, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, कन्नौज, नितिन, इशू, कमेंटेटर विजेंद्र कुमार सहित फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

# मुसलमान शादियों में फिजूलखर्ची न करें: मोहम्मद सलमान



जामा मस्जिद में बयान करते मौलाना मोहम्मद सलमान बिजनौरी नक्शबंदी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टाण्डा।** जामा मस्जिद में शुक्रवार को एक बरकत भरी सभा का आयोजन हुआ। इसमें मौलाना मोहम्मद सलमान बिजनौरी नक्शबंदी उस्ताद-ए-हदीस दारुल उलूम देवबंद व नायब सदर जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने खास तौर से शिरकत की।

मौलाना मोहम्मद सलमान ने जुमे की नमाज से पहले अपने बयान में निकाह और शादी के बारे में अहम बातें बताईं, कहा कि शादी सादगी से और कम खर्च में करनी चाहिए और फिजूल खर्ची से बचना चाहिए। साथ ही उन्होंने सूद (ब्याज) लेने और देने से सख्ती से बचने की नसीहत दी। इस मौके पर मोहम्मद जुनैद पुत्र मोहम्मद इक़बाल के निकाह समेत कुल चार निकाह पढ़ाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन शरीफ की तिलावत से हुई, जिसे मुफ्ती मोहम्मद वसीम खतीब जामा मस्जिद टांडा ने पेश किया, जबकि कारी ज़ुल्फिकार ने नात-ए-पाक पेश की।मेहमानों का स्वागत मौलाना अजहद और कारी आमिर सुहैल ने किया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना मोहम्मद फहीम कासमी (जिला सचिव जमीयत उलेमा जिला रामपुर) ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की सेवाओं और कुर्बानियों का भी जिक्र किया।इस मौके पर उलेमा समेत बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



आश्रम पद्धति विद्यालय में सहायक अध्यापक को उपहार देतीं प्रधानाचार्य।

### सहायक अध्यापक को दी विदाई

**रामपुर।** आश्रम पद्धति विद्यालय के सहायक अध्यापक महावीर सिंह को विदाई दी। गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक अध्यापक को स्टॉफ ने उपहार भेंट किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिक्षा, डॉ .सैयद मुताहिर हुसैन जैदी, डॉ .धमेंद्र कुमार वर्मा, अक्षय कुमार शर्मा, सुनील कुमार पांडेय, बालम साहब, जाने आलम, चमन सिंह, जोगिन्दर सिंह, राहुल, कुमारी शिवानी गंगवार, आकाश, पीयूष कुमार सिंह,कामरान खां आदि मौजूद रहे।



इंस्पेक्टर से पुलिस उपाधीक्षक बने विनय कुमार के सितारें लगाते एसपी।

### विनय कुमार बने पुलिस उपाधीक्षक

**रामपुर।** निरीक्षक नागरिक पुलिस से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत हुए निरीक्षक विनय कुमार तैनाती प्रभारी अपराध शाखा को पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा उनके कंधों पर सितारें लगाकर हार्दिक बधाई दी गईं ।इस अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



अधिकारियों के साथ मौजूद रुचि दिवाकर।

### रुचि दिवाकर बनी डिप्टी एसपी

**रामपुर।** जिला कारागार पर डिप्टी जेलर के पद पर कार्यरत रुचि दिवाकर का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2024 की परीक्षा में डिटी एसपी के पद पर चयन होने पर जेल अधीक्षक राजेश यादव एवं जेलर सुनील कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्तिकेय दुबे उपजेलर, सुनील शुक्ला उपजेलर, रणवीर सिंह उप जेलर एवं सभी कर्मचारियों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया।

### यूपी 112 परफॉरमेंस डैशबोर्ड पोर्टल की रैंकिंग में पहला स्थान मिला

**रामपुर।** माह मार्च वर्ष 2026 में यूपी 112 परफॉरमेंस डैशबोर्ड पोर्टल की रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। पोर्टल रैंकिंग में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में 94 .62 अंक प्राप्त कर जनपद रामपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है । परियोजना यूपी-112 के पोर्टल रैंकिंग सिस्टम में जनपद रामपुर लगातार माह सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर वर्ष 2024 और माह-जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर वर्ष-2025 एवं जनवरी,फरवरी,मार्च 2026 में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है ।रैंकिंग सिस्टम में मुख्य तौर पर सभी पीआरवी का औसत रिस्पांस टाईम, एक्नालेजमेंट,इनरुट अराईव टाइम, पीआरवी उपलब्धता, कॉलर फीड बैक, आरओआईपी एक्टिविटी, इवेन्ट क्लोजर सिस्टम, अर्ली अराईव व विजीलेंस जांच रिपोर्ट के अंको के आधार पर जनपद की रेकिंग तय की जाती है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यूपी 112 के कुशल नेतृत्व में जनपद रामपुर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में लगातार 19 वीं बार प्रथम स्थान पर आया है।

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़े भक्त

सैफनी :नगर में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को दूसरे दिन वृंदावन गोवर्धन से आए पंडित गोविंद आचार्य द्वारा कही भागवत कथा में गोकर्ण जी द्वारा धुंधकारी का उद्धार हुआ। शौनक आदि ऋषियों ने सूतजी से 6 प्रसन्न पूछे ।कथा सुनकर वातावरण भक्तिमय हो गया ।इस दौरान राकेश जोशी, नरेश शर्मा, राजू शर्मा पधान,ठाकुर यशपाल सिंह, संजय रस्तोगी, शोभित शर्मा,पंकज शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, राजा जोशी, सुंदर पांडे आदि के अलावा महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

# प्रशिक्षण के तीसरे दिन दिया प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा, कार्यालय



आयोजित प्रशिक्षण में खड़े प्रोफेसर व अन्य। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण के तीसरे दिन रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई को प्रार्थना, ध्वजारोहण, झण्डा गीत, सुविचार के बाद आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट प्रेमपाल सिंह, जिला संगठन आयुक्त गाइड नरवन्त कौर ने स्काउटिंग सम्बन्धी सामान्य ज्ञान, शिविर के प्रकार, हाईकिंग, प्रतीक चिह्न, सीटी के संकेत, प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर निबन्ध-लेखन, रोल प्ले एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. जागृति मदान धींगड़ा रोवर लीडर डॉ. राजेश कुमार, सहायक रोवर लीडर डॉ. अख्तर हुसैन, रेंजर लीडर डॉ. माया भारती एवं सहायक रेंजर लीडर डॉ. नेहा नागपाल आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं निर्णायक की भूमिका डॉ. अब्दुल वाहिद शाह, डॉ. इरम नईम, डॉ. उपदेश छिम्वाल एवं डॉ. नेहा नागपाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन रोवर लीडर डॉ. राजेश कुमार ने किया।

# मुसलमान अपने अकीदे को मजबूत रखें: फैजान खां

- जामा मस्जिद में 1:30 बजे हुई कुतबे की अजान, अदा कराई नमाज

जागरण मोर्चा, कार्यालय



जामा मस्जिद में कुतबा देते इमाम जामा मस्जिद व नायब इमाम ए शहर मौलाना अब्दुल वहाब उर्फ फैजान खां।

**रामपुर।** इमाम जामा मस्जिद व नायब इमाम ए शहर मौलाना अब्दुल वहाब उर्फ फैजान खां ने जुमे कुतबे में कहा है मुसलमानों को चाहिए कि अपना अकीदा मजबूत रखें। अल्लाह की जाद पर भरोसा रखें। नमाज और कुरआन की तिलावत कर दुआएं मांगे। साथ ही अल्लाह और रसूल के बताए हुए रास्तों पर चलें।

शुक्रवार को जामा मस्जिद में कुतबे की अजान दोपहर 1:30 बजे हुई। इमाम जामा मस्जिद व नायब इमाम ए शहर मौलाना अब्दुल वहाब उर्फ फैजान खां ने कहा कि सूरत यूसुफ के अंदर 12 वें सिपारे में कहा गया है कि अल्लाह की जाद इकरामी की वह जाद है कि जो हर काम के ऊपर गालिब है। लेकिन जो खुदा के बंदे हैं इंसान है ज्यादातर वह इस बात को नहीं जानते हैं। वह रब्बुल आलेमीन और मालिक ए हकीकी और परवरदीगार आलम है। जिन्दगी, मौत रिजक, इज्जत और जिल्लत देना उसी का काम है। काश यह खुदा के बंदों को समझ में आ जाए कि सच्चे दिल से मजबूत इरादे के साथ दिल से कलमा तैयबा पढ़ लें। तो मौला फरमाता है कि तुम ही तुम होगे। दुनिया के अंदर तुम ही कामयाब होगे। इसके बाद जुमे की नमाज अदा कराई। आखिर में पूरी दुनिया में अमनो अमान के लिए दुआएं भी कराई।

# नौकरी बचाने के लिए दिल्ली चलने का किया आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह ने सभी शिक्षकों से टेट के विरोध में चार अप्रैल को दिल्ली धरने में पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने नौकरी बचाने और टेट को सरकार द्वारा शिक्षकों पर जबरन थोपने के आदेश को निरस्त करने की मांग को भी दोहराया।

केंद्र सरकार द्वारा 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर जबरन टेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही यह कहा गया है यदि कोई शिक्षक दो वर्ष के भीतर टेट पास नहीं करता है तो ऐसे शिक्षकों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट एवं सरकार के आदेश के बाद शिक्षक परेशान हैं। शिक्षकों का कहना है कि जब उन्होंने नियुक्ति के समय जारी आदेशों एवं निर्देशों का पालन किया है तो अब उन्हें जबरन टेट पास करने के लिए विवश क्यों किया जा रहा है। खेल के बीच में नियम थोड़ी बदले जाते हैं।

यह तो सरासर शिक्षकों के साथ ना इंसाफी है। इसके विरोध शिक्षक संगठन देशभर में आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए चार अप्रैल को दिल्ली में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। बड़े पैमाने पर जनपद से शिक्षक कूच कर रहे हैं। इसके लिए महीनों से तैयारियां चल रही हैं। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह ने सभी शिक्षकों से दिल्ली पहुंच कर धरने को सफल बनाने की मांग की है। साथ ही कहा है जब तक सरकार टेट की बाध्यता समाप्त नहीं करती, तब तक धरना एवं जारी रहेगा। बोले किसी कीमत पर 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट लागू नहीं होने दिया जाएगा।

कहा यह शिक्षकों के साथ एक बड़ा धोखा है। खेल के बीच में नियम नहीं बदले जाते। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान ने भी सभी शिक्षकों से अपने अधिकारों की रक्षा एवं नौकरी बचाने के लिए एकजुट होने और काले कानून को वापस कराने के लिए दिल्ली पहुंचने की अपील की है।

### ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिक्षक चले दिल्ली



**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह का कहना है कि टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने की लड़ाई में हर कोई शिक्षक साथी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है ।शनिवार को सुबह 9 बजे से सम्पूर्ण भारत की होने वाली दिल्ली रामलीला मैदान में महारैली धरने को इतिहास का सबसे बड़ा धरना माना जा रहा है 22 राज्यों के बेसिक शिक्षक इसमें बढ़ चढकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहें हैं कुछ राज्यों के शिक्षक साथी रेलगाड़ी,फ्लाइट से दिल्ली पहुंच रहे हैं। आप क्या सोच रहें हैं आप भी इस ऐतिहासिक महारैली धरने का हिस्सा बने।

### इग्नू में प्रवेश के लिए 10 अप्रैल तक की बढ़ी तिथि

**रामपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 30 मार्च से बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दी है। यह जानकारी अध्ययन केंद्र डॉ .सोमेंद्र सिंह सह समन्वयक ने दी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया है, जो किसी कारणवश अब तक किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाये हैं। इग्नू में स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया फिलहाल जारी है, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक है। सह समन्वयक ने बताया कि जो विद्यार्थी पहले से किसी अन्य संस्थान में नियमित रेगुलर पाठ्यक्रम कर रहे हैं। वे भी इग्नू से अतिरिक्त डिग्री या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं।

# नवागत एसपी ने किया शाहबाद थाने का निरीक्षण



व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते नवागत एसपी सोमेंद्र मीणा। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** गुरुवार देर रात नवागत पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शाहबाद कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित को दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान थाने पर मौजूद अभिलेखों को चेक किया। एसपी के निरीक्षण के दौरान थाने के स्टाफ में हड़कंप मच गया। दो दिन पहले एसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना शाहबाद थाने पहुंचे और थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में मौजूद सभी महत्वपूर्ण स्थानों और व्यवस्थाओं को बारीकी से चेक किया। निरीक्षण के दौरान मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, बैरक, कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, मेस और सीसीटीएनएस सिस्टम की कार्यप्रणाली आदि जायज़ा लेते हुए परिसर में साफ सफाई को ओर बेहतर बनाने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी के निरीक्षण के दौरान अपराध निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, हेड मोहर्रिर दिलशाद खां आदि रहे।

### एसपी ने आरओआईपी 112 कार्यालय का किया निरीक्षण

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के साथ एकीकृत कमांड रूम, आरओआईपी 112 कार्यालय, कंट्रोल रुम एवं नवीन पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली सूचनाओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की प्रक्रिया का अवलोकन किया ।ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सतर्क एवं संवेदनशील रहते हुए प्रत्येक सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। डायल-112 पर प्राप्त होने वाली सूचनाओं का पीड़ितों से फीडबैक लेने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त नवीन पुलिस कार्यालय में विभिन्न शाखाओं के कार्यों की समीक्षा की। अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, साफ-सफाई एवं कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**आयोजन** सभी तुरैहा मछुआ समाज के स्वजातीय परिवार सहित प्रतिभाग करें

# धूमधाम से मनाई जाएगी महाराज निषादराज व महर्षि कश्यप जयंती: कमल तुरैहा

जागरण मोर्चा कार्यालय




कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज की बैठक का आयोजन सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि, माता संतोषी मन्दिर के प्रांगण में किया। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने बताया की संगठन के पदाधिकारियों व वरिष्ठ साथियों की सर्वसम्मति से महाराज निषादराज जयंती व महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का कार्यक्रम 12 अप्रैल को जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनपद की सभी तहसील की ग्राम पंचायत व नगरीय क्षेत्र में निवास करने वाले सभी तुरैहा मछुआ समाज के स्वजातीय परिवार सहित प्रतिभाग करेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया की सम्बंधित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह द्वारा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरादाबाद के विख्यात डॉ. सीपी सिंह (जिज्ञासा हास्पिटल) और उत्तराखंड सरकार में राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप रहेंगी।

कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आज की बैठक में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। जिलाध्यक्ष ने बताया की 5 अप्रैल 2026 को पूरे भारतवर्ष में खासकर उत्तर प्रदेश में निषादराज गृह भगवान रामचंद्र के बाल सखा महाराज निषादराज की जयंती के साथ-साथ महर्षि कश्यप की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। इस दिन तुरैहा मछुआ समाज से सम्बंधित सभी स्वजातीय परिवार अपनी एकता दिखाते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होते है। उन्होने बताया की तहसील बिलासपुर कार्यकारिणी की मांग पर 5 अप्रैल का कार्यक्रम तहसील बिलासपुर में सिनेमा रोड माता मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज के सभी साथी एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल मनाएंगे।

बैठक का संचालन करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिला मंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट ने बताया की 12 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर होने वाले महाराज निषादराज जयंती व महर्षि कश्यप की जयंती समारोह कार्यक्रम में समाज के सभी स्वजातीय परिवार सहित उपस्थित रहेंगे। समाज के जो बच्चे अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रहे हैं उन्हे भी सम्मानित किया जाएगा। जिला महामंत्री रामसिंह तुरैहा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, अजय कुमार प्रधान, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, अर्जुन सिंह, अर्जुन कुमार, मुरारी लाल तुरैहा, शिवम, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण, अरविन्द कुमार, गोविंद राम तुरैहा, बालकिशोर तुरैहा, गोविंद राम तुरैहा, हरि शंकर कश्यप, पूरन लाल कश्यप, कमल कुमार मुन्ना, विक्रम सिंह तुरैहा, मुरारी लाल तुरैहा, ऋषिपाल, पवन कश्यप, पंडित जी, रामगोपाल, दौलतराम तुरैहा, प्रीतम तुरैहा, सुशील कुमार, शिवकुमार तुरैहा, राजीव कुमार, संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# निजी विद्यालयों की मनमानी के विरोध में व्यापारियों ने किया अनोखा प्रदर्शन

## निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों को महंगी किताबें खरीदने को किया जा रहा विवश

- जिलाधिकारी से की मांग, शीघ्र समाधान नहीं होने पर किया जाएगा उग्र आंदोलन

जागरण मोर्चा, कार्यालय


विद्यालयों की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। व्यापारियों में निजी स्कूलों द्वारा जबरन महंगी प्राइवेट किताबें, कापियां एवं निर्धारित दुकानों से ही स्कूल ड्रेस खरीदने के दबाव के खिलाफ रोष देखने को मिला।


शुक्रवार को कैथल गेट में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विरोध दर्ज कराते हुए किताबों व कापियों को तराजू पर रखकर रुपयों के साथ तोला। इस अनोखे प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने यह संदेश देने का प्रयास किया कि शिक्षा के नाम पर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है।किताबों-कापियों को सोने के भाव बेचा जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि निजी विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। निर्धारित दुकानों से ही सामग्री खरीदने की बाध्यता पूरी तरह अनुचित है और इससे स्थानीय व्यापारियों का भी नुकसान हो रहा है। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि निजी स्कूल संचालकों की मिलीभगत से बुक सेलर ने कोर्स में लूट मचा रखी है। पिछले वर्ष जिलाधिकारी ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई कर एक-एक लाख रुपये जुर्माना डाला था।

इसके बाद स्कूल संचालकों के हौसले बुलंद है। 40 से 50 प्रतिशत कमीशन खोरी चल रही हैं। अधिकांश स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों को नहीं लगाया गया है। अब तक काफी भी महंगी बेची जा रही है। निजी विद्यालयों की यह मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र को व्यापार का माध्यम बनाकर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। जिसे तत्काल रोका जाना चाहिए। प्रशासन को इस विषय पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि विद्यालयों द्वारा तय दुकानों से ही किताबें-कापियां और ड्रेस खरीदने का दबाव पूरी तरह गलत है। साथ ही कुछ विद्यालयों द्वारा अपनी कापियां बनाकर बेचना भी गंभीर विषय है। इससे न केवल अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों के साथ भी अन्याय हो रहा है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस अवसर पर मयंक वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय, हर्षित गौड़, अंशुल वार्ष्णेय, गोविंद वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक का शव, मचा कोहराम

- पुलिस पहुंच की जानकारी, शव पोस्टमार्टम को भेजा

जागरण मोर्चा, कार्यालय


मृतक हसनैन का प्रोफाइल फोटो।

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में शुक्रवार को युवक का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस की ओर से युवक द्वारा आत्महत्या करने की जांच की जा रही है।

गांव जनेटा निवासी इमामी हुसैन का 17 वर्षीय पुत्र हसनैन अली सैलून में कार्य करता है, जबकि उसका बड़ा भाई मोहम्मद सैम चंडीगढ़ में राजमिस्त्री कार्य करता है। कुछ दिन पहले मोहम्मद सैम निर्माणाधीन भवन पर कार्य के चलते गिरकर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन पुत्र को देखने चंडीगढ़ गए हुए हैं। जबकि हसनैन घर में अकेला है। शुक्रवार की सुबह गांव का अरशद सैलून में कार्य करने के लिए हसनैन के घर पहुंचा। काफी देर आवाज लगाने के बाद भी हसनैन ने कोई जवाब नहीं दिया, इसके बाद वह हसनैन के चचेरे भाई तस्लीम को बुलाकर लाया। दोनों युवक घर के अंदर पहुंचे तो कमरे में युवक फंदे पर लटका हुआ था। यह दोनों युवक हक्के-बक्के रह गए और फोरन बाहर आकर परिजनों व आसपास के लोगों को जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा और युवक को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है तथा युवक के शव को कब्जे में लिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मां रेशमा व अन्य परिजनों को रो-रोकर बुला हाल बना है। पुलिस युवक द्वारा आत्महत्या क्यों की, इसकी जांच में जुटी है।

## एक नजर

### सुरक्षा को लेकर हेल्पलाइन नंबरों का करे प्रयोग

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान फेज पांच चलाया जा रहा है। जिसको लेकर संभल जनपद में एंटी रोमियों की टीम पंपलेट वांट कर सरकार की हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उनको जागरुक कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं नोडिल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी एवं सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक किया।

# सैम मानेकशा भारत के पहले फील्ड मार्शल थे: माधव

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में भारत को 1965 एवं 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में विजय दिलाने वाले प्रथम सेनाध्यक्ष एवं फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जयंती नगर के कृष्णानगर गली नंबर दो में धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि सैम मानेकशॉ ने भारतीय सेना को एक सक्षम हथियार बनाया। 1965 एवं 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें फील्ड मार्शल के पद से सम्मानित किया। वे भारत के पहले फील्ड मार्शल थे। उन्हें 1973में पद्मभूषण और 1986 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया। सैम मानेकशॉ ने 1934 में ब्रिटिश भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त किया। उन्होंने 1939 में सिल्लू बोडे से शादी की और उनके दो बेटियां शिरीन और मजरु हुई। जब 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सैम मानेकशा से पूछा कि क्या वे पाकिस्तान को हरा सकते हैं तो उन्होंने जवाब दिया कि अगर आप मुझे संसाधन देंगी तो मैं पाकिस्तान को हरा दूंगा,लेकिन अगर आप मुझे राजनीति में उलझाएंगी तो मैं आपको वादा करता हूं कि हम हार जाएंगे। ऐसे स्पष्टवादी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मचारी 1008 स्वामी योगेश्वर स्वरूप तथा संचालक बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने किया। इस दौरान पंड़ित सुरेश चंद्र शर्मा, ओम शंखधार, कल्याण सिंह, रामकिशोर अग्रवाल, दिनेश चन्द्र गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, वेदराम मौर्य, आनन्द प्रकाश यादव, ललित शर्मा,अरविन्द कुमार, नत्थू सिंह, गंगा देवी मिश्रा, भुवनेश्वरी पचौरी, मुकुट लाल मौर्य ने विचार व्यक्त किए।

# उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के राजीव यादव बने शाखा मंत्री

जागरण मोर्चा, कार्यालय



उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ पीतल नगरी डिपो ट्रैफिक शाखा के चुने पदाधिकारी।

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की पीतल नगरी डिपो ट्रैफिक शाखा के वार्षिक चुनाव मुरादाबाद में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। नामित चुनाव अधिकारी विपिन कुमार और भूरे सिंह की देखरेख में आयोजित इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

चुनाव में सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया, जिसमें शाखा अध्यक्ष गौरव चौहान, शाखा मंत्री राजीव यादव, कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय प्रतिनिधि चंद्रभान सिंह, करणवीर सिंह एवं मोहम्मद अनस, संयुक्त मंत्री संजीव गोला, को चुना गया। राजीव यादव के शाखा मंत्री पद पर निर्वाचित होने की सूचना मिलते ही नगर के आजाद रोड स्थित रोडवेज डिपो के समस्त स्टाफ और कर्मचारियों में खुशी का माहौल छा गया। जैसे ही राजीव यादव मुरादाबाद से नगर के रोडवेज पर डिपो पहुंचे, वहां मौजूद कर्मचारियों ने उत्साह के साथ उनका ज़ोरदार स्वागत किया। उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की। कर्मचारियों का कहना है कि राजीव यादव के मंत्री बनने से नगर के रोडवेज बस स्टैंड की समस्याओं और कर्मचारियों के हितों की आवाज़ को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

# नगर के बाजार व बस्तियों में लगे हैंडपंप खराब


कैथल गेट पर खराब पड़ा हैंडपंप।


मोहल्ला लोधियान मे खराब पड़ा हैंडपंप। -जागरण मोर्चा

- नगर पालिका से की गई हैंडपंप सही कराने की मांग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है, मगर शहर के मोहल्लों में लगे अधिकांश इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं। जिससे गर्मियों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। वहीं सभासद भी कई बार नगर पालिका से हैंडपंप सही कराने को कह चुके हैं, मगर हैंडपंप सही नहीं होने से उनमें नाराजगी व्याप्त है।

नगर पालिका ने बलिन बस्ती सहित बाजारों में गर्मियों में लोगों की सुविधा के लिए इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाए थे। ताकि लोगों को गर्मियों को गर्मियों को साफ-स्वच्छ पानी मिल सके। मगर नगर पालिका के अधिकांश वार्डों में ज्यादातर इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं। जिससे नगर पालिका का हैंडपंप लगाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। वहीं गर्मियों का मौसम आरंभ होने पर पानी को लेकर लोगों को परेशानी होनी शुरू हो गई है। शहर के लोधियान मोहल्ला, स्टेशन रोड, सेमर टोला, कैथल गेट, गोपाल मोहल्ला, खुर्जा गेट, आवास विकास सहित अन्य बस्तियों में भी अनेक हैंडपंप खराब है। आने वाले दिनों में अधिक गर्मी होने पर लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## बोले मोहल्लेवासी


हमारे मोहल्ले तिलवाली गली में इंडिया मार्का हैंडपंप कई दिनों से खराब पड़ा है। जिससे लोगों के लोगों को पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। दैनिक उपयोग में भी हैंडपंप खराब होने से समस्या का सामना करना पड़ रहा है। **-रिंकू कश्यप**


मोहल्ला सेमर टोला मलिन बस्ती में आती है। यहां नगर पालिका के लगे हैंडपंप अधिकांश खराब बने हैं। जिससे बस्ती में रहने वाले लोगों को पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र ही हैंडपंप दुरुस्त कराने की मांग की है। **-पुष्पेंद्र कुमार**


मेरे मोहल्ला गोपाल में पिछले काफी दिनों से हैंडपंप खराब है। मैं कई बार नगर पालिका से हैंडपंप सही कराने की मांग कर चुका हूं। लेकिन अभी तक हैंडपंप को दुरुस्त नहीं किया जा सका है।
**-अनुराग गर्ग, सभासद**


गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, बाजारों, मोहल्लों में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप को नगर पालिका को शीघ्र दुरुस्त कराने चाहिए। जिससे आमजन मानस को इस समस्या से निजात मिल सके।
**-तरुण नीरज, सभासद**

# मेधावी बच्चों को किया सम्मानित


सम्मान समारोह में सम्मानित मेधावी बच्चें। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के फव्वारा चौक स्थित सुभाष प्राइमरी स्कूल पर निस्वार्थ एक पहल कोचिंग का द्वारा मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी आगंतुक बच्चों अभिभावकों व शिक्षकों स्वागत करते हुए कविता शर्मा ने बताया कि बड़े हर्ष का विषय हैं कि कोंचिग में पढ़ने वाली छात्रा शिवांगी निवासी ग्राम अकबरपुर चितौरी ने कक्षा 6 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की हैं। एक अन्य छात्रा ने भी अटल आवासीय परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की। साथ ही कई बच्चों ने अथक परिश्रम कर इन परीक्षाओं में बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये।सभी बच्चों का उनके अभिभावकों के साथ सम्मान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए , कोचिंग में निस्वार्थ मेहनत कर बच्चों का मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान कविता शर्मा, सुनीता शर्मा, रितिका, संजय ,राजेंद्र कुमार,राहुल,प्रणव, अंकुर, विश्वनाथ,सत्यवीर, मनोज,राम प्रताप,राजकुमार,अदिति आदि मौजूद रहे।

# भगवान कृष्ण की लीलाएं सुन भक्तिमय हुआ वातावरण

जागरण मोर्चा, कार्यालय


कथा में मौजूद श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** नगर के गणेश कालोनी गली नंबर 10 में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस पर भक्तों को दिव्य और भावपूर्ण कृष्ण लीलाओं का श्रवण कराया गया।कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधारे ओम प्रकाश महाराज महाराज के मुखारविंद से वर्णन सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।

कथा के दौरान ओम प्रकाश महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, उनकी अद्भुत लीलाओं और गोपियों के साथ उनके प्रेम का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणा हैं। उन्होंने विशेष रूप से माखन चोरी, कालिया नाग दमन और गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने हर लीला के माध्यम से अधर्म का नाश और धर्म की स्थापना का संदेश दिया है। उनके प्रवचनों के दौरान श्रद्धालु बार-बार राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का रसपान किया। आयोजकों ने बताया कि कथा के आगामी दिनों में भी इसी प्रकार की दिव्य लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

# महाराजा निषादराज की 5 को निकाली जाएगी शोभायात्रा

- तैयारियों को लेकर संपन्न हुई समिति की बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय


शोभायात्रा को झांकी तैयार करने में जुटे समिति पदाधिकारी।

**चन्दौसी।** महाराजा निषादराज महर्षि कश्यप तुरैहा समाज समिति की की ओर से महाराजा निषादराज व महर्षि कश्यप की शोभायात्रा का आयोजन 5 अप्रैल को किया जाएगा। शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक का आयोजन किया गया। नगराध्यक्ष गौरव कश्यप ने बताया कि शोभायात्रा में सबसे आगे भगावन महर्षि कश्यप की झांकी रहेगी। इसके बाद ढोल नगाड़े व नए रूप में जोकर शामिल रहेंगे। इसके बाद महाराज निषादराज की शाही बग्गी, बहन फूलन देवी, वीर एकलव्य, भगवान भोलेनाथ, नारद मुनि के गुरु कालू बाबा धीबर की झांकियां शामिल रहेंगी। शोभायात्रा कैथल गेट स्थित तिलवाली गली से आरंभ होकर ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, नमक मंडी, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी होते हुए पुनः तिलवाली गली पर संपन्न होगी। तैयारियां नीरज कुमार, गोपाल, कृष्णा, तुषार, गोलू, भोलू, चिराग, भोला, प्रियांशु, आशीष, श्याम सुंदर, हेमंत आदि जुटे हैं।

**खेल** क्रीड़ा भारती की ओर से किया जा रहा टीचर प्रीमियर लीग का आयोजन

# राइजिंग स्टार ने सुपरनोवा को 6 विकेट से हराया

जागरण मोर्चा, कार्यालय



क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** क्रीड़ा भारती की ओर से टीचर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का आठवां मैच पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड पर सुपरनोवा व राइजिंग स्टार के मध्य खेला गया। जिसमें राइजिंग स्टूर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें सुपरनोवा ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान 131 रन बनाए। जिसमें अनुज सिंह ने 41, मनोज ने 33 रनों का योगदान दिया। राइजिंग स्टार के गेंदबाज मनीष बेनीवाल ने 2, अनुज व अंकित ने 1-1 विकेट लिया।

वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी राइजिंग स्टार के बल्लेबाजों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 14.4 ओवर में 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। जिसमें राजीव ने 32, संजय ने 25, मनीष बेनीवाल व अनिल कपूल ने 21-21 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच मनीष बेनीवाल, इम्पैक्ट प्लेयर राजीव कुमार, बेस्ट बॉलर अंकित मौर्य, बेस्ट बल्लेबाज अनुज देओल रहे। मैच की अंपायरिंग कुश रावत व विकास माथुर ने की। जबकि स्कोरिंग अभिषेक राठौर ने की। इस अवसर पर डा. गौरव मिश्रा, अशोक पाठक, पुनीत शर्मा, अमित कुमार, खुशाल, हेमंत, राजीव, विजय आदि मौजूद रहे।

# हसनपुर के आदमपुर में नदी किनारे पेड़ पर लटका मिला किशोर का शव

## परिजनों ने अपहरण के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए किया हंगामा, काम सीख रहा था चमन सिंह

- गुरुवार देर शाम का मामला, बुआ के यहां रहकर बाइक मिस्त्री का काम सीख रहा था युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय



रोते मृतक के परिजन व इनसेटमें फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** रहरा के गांव रहरई निवासी किशोर आदमपुर में बाइक एजेंसी पर मिस्त्री का कार्य सीख रहे किशोर का शव गुरुवार देर शाम नदी के नजदीक पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने दो लोगों पर अपहरण के बाद हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई निवासी 17 वर्षीय चमन सिंह अपनी बुआ के यहां रहकर आदमपुर में बाइक एजेंसी पर मिस्त्री का कार्य सीख रहा था। परिजनों का कहना है कि गुरुवार दोपहर खाना खाने के बाद चमन फिर से एजेंसी पर चला गया। देर रात तक भी वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। इस दौरान आदमपुर के नजदीक नदी किनारे 17 वर्षीय चमन का शव पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने परिजनों के पहुंचने से पहले ही शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। गुस्साए परिजनों ने थाने पर हंगामा व प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया दो युवकों ने अपहरण के बाद चमन की हत्या की है। मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव पेड़ पर लटका दिया गया। चमन सिंह के पिता शीशपाल सिंह ने बताया कि दो लोगों ने चमन को दो दिन के भीतर जान से मारने की धमकी दी थी। चमन ने पिता व फूफा को धमकी के संबंध में जानकारी दी थी। शव मिलने की सूचना पर सीओ पंकज कुमार त्यागी ने मौका मुआयना किया। सीओ ने बताया कि किशोर का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला है। शव पोस्टमार्टम लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल जारी है।

## एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत

**गजरौला।** रेलवे स्टेशन पर जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं होने के कारण शव को मोर्चरी पर रखवाया गया है।आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष यादव ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 4.30 बजे उनको सूचना मिली कि एक शख्स जन साधारण एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर कट गया है। ट्रेन मुरादाबाद की दिशा में जा रही थी।

सूचना मिलते ही उन्होंने स्टाफ को मौके पर भेजा। मौके पर आरपीएफ के एसआई गजेंद्र सिंह ने जीआरपी भी मौके पर पहुंच गई। शव के चीथड़े उड़ चुके थे। आरपीएफ व जीआरपी ने शव के चीथड़ों को रेलवे ट्रैक से हटवाया। घटना स्थल पर आस जांच पड़ताल की। काफी प्रयास के बाद भी यह पता नहीं चल पाया कि मृतक कौन और कहां का रहने वाला था। जीआरपी ने उसका शव मोर्चरी पर रखवा है।

## सार संक्षेप


गुड फ्राइडे पर चर्च में हुई विशेष प्रार्थना।

### ईसा मसीह के बलिदान दिवस का आयोजन

**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला हिरन वाला स्थित सेंट जॉन्स चर्च में शुक्रवार की दोपहर सुशील मसीह के द्वारा एक प्रार्थना कराई गई। जिसमें सभी लोगों ने ज्यादातर उपवास रखकर यीशु मसीह की सलीबी मौत को याद किया तथा सलीब पर रहते हुए उन्होंने अपने मुख से सात वाणिया बोली हर एक वाणी मानवता के प्रेम को दर्शाती थी। मानव के द्वारा जो पाप दुनिया में आया था। उस पाप को मिटाने के लिए पृथ्वी पर मानव शरीर के रूप में यीशु मसीह को आना पड़ा तथा अपनी कुर्बानी के द्वारा यीशु मसीह ने हम सब के पापों को खत्म किया।ईसा मसीह के बलिदान के दिन को गुड फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग चर्च में मौजूद रहे। वह उस दिन को याद किया। इस मौके पर सुशील मसीह, शेन मसीह ,डेबरा मसीह, राखी मसीह, रोनन मसीह, ओलिवर मसीह, एंजेल, श्वेता ,अनुज, आंचल आदि मौजूद रहे।

### लकड़ी माफिया प्रकरणः वायरल वीडियो से मचा बवाल, मुकदमा दर्ज

**बिजनौर।** अफजलगढ़–रेहड़ क्षेत्र में अवैध लकड़ी तस्करी के मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया।जब एक कथित वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में एक व्यक्ति वनकर्मियों के खिलाफ आपत्तिजनक साजिश की बात करता सुनाई दे रहा है, जिससे प्रशासन और वन विभाग में हड़कंप मच गया। वन विभाग की कार्रवाई और विवाद की शुरुआतघटना बुधवार की बताई जा रही है, जब वन विभाग की टीम ने अफजलगढ़ क्षेत्र में अवैध लकड़ी से भरी एक पिकअप वैन को पकड़ा। आरोप है कि टीम से बचने के प्रयास में तस्करों ने मीरापुर चौराहे के पास लकड़ी उतार दी, लेकिन टीम ने आरोपितों को पकड़ लिया। जब वनकर्मी आरोपितों को लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में कुछ लोगों ने हस्तक्षेप किया और कथित रूप से एक आरोपी को छुड़ा लिया। इस दौरान वनकर्मियों के साथ अभद्रता और गाली–गलौज की भी बात सामने आई है। इसी घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें एक कथित पदाधिकारी वनकर्मियों के खिलाफ झूठे दुष्कर्म मुकदमे दर्ज कराने की बात करता सुनाई दे रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया।वन विभाग ने वीडियो को उच्च अधिकारियों और शासन स्तर तक भेजते हुए कार्रवाई की मांग की है। वन विभाग की तहरीर पर अफजलगढ़ थाने में लकड़ी माफिया और एक संगठन के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि आरोपितों—शमशेर, लखबीर सिंह और मदन सिंह राणा के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ जय सिंह कुशवाहा ने बताया कि पूरे मामले की तहरीर संबंधित थानों में तहरीर दी है। वायरल वीडियो भी उच्चाधिकारियों को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।दूसरी ओर, भाकियू जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा ने वायरल वीडियो में किए गए कथित बयान से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि वे किसानों के हितों के लिए संघर्ष करते हैं और इस प्रकार की कोई बात उन्होंने या उनके साथियों ने नहीं कही।

### मामूली विवाद को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** नगर के मोहल्ला कोटरा निवासी फैसल पुत्र मिर्जा खुर्शीद ने बताया कि 1 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे वह अपने चचेरे भाई फैज आलम के साथ घर से जा रहा था। इसी दौरान जामा मस्जिद के सामने रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया।आरोप है कि शेरकोट निवासी कलीम खान निवासी सराय काले खां, दिल्ली, नबील अहमद, मोइन खान और अजीम खान ने स्टोन क्रेशर को लेकर विवाद करते हुए गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी–डंडों और बेल्ट से मारपीट की।घटना के दौरान मोहल्ले के लोगों ने बीच–बचाव कर पीड़ितों को बचाया, लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित फैसल ने थाना शेरकोट पहुंचकर मामले की तहरीर दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मुस्लिम युवक ने हिंदू किशोरी को जबरन घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म का प्रयास किया, मुकदमा दर्ज

**रेहड़।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग हिंदू किशोरी को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपी मुस्लिम युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपने दादा के घर खाना बनाने जा रही थी। इसी दौरान उनके पड़ोसी एक मुस्लिम युवक ने उसे अकेली देख जबरन अपने घर में खींच लिया और बंधक बनाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। इस दौरान किशोरी के कपड़े भी फट गए तथा उसे चोटें आईं। किशोरी के पिता ने बताया कि जब किशोरी काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश शुरू की गई। खोजबीन के दौरान पता चला कि पड़ोसी मुस्लिम युवक ने उसे अपने घर में बंधक बना रखा है। लोगों के साथ जब वह आरोपी के घर पहुंचे तो आरोपी व उसके परिजनों ने किशोरी को घर के पिछले दरवाजे से बाहर निकाल दिया। किशोरी बदहवास हालत में अपने घर पहुंची।परिजनों को आपबीती सुनाई। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी मो. एजाज पुत्र आबिदउल्ला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# नर्सें हेल्थकेयर की दिल, आत्मा और फ्रेमवर्कः बीनू शर्मा

- प्रोस्पेक्ट एंड चैलेंजेज फॉर अर्ली एंड एडवांस हेल्थकेयर रिसर्चर्स पर हुई कॉन्फ्रेंस

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते वक्ता।

**मुरादाबाद।** आईएनएस इंडिया की सीईओ एंड लॉन स्टार की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर रिटायर्ड कर्नल बीनू शर्मा ने कहा कि नर्सें हेल्थकेयर की दिल, आत्मा और फ्रेमवर्क हैं। नर्सिंग स्टुडेंट्स को हमेशा अपने प्रोफेशन में क्रिटिकल थिंकिंग और इन्नोवेशन को शामिल करना होगा। नर्सेज़ कोर्स में 90 प्रतिशत मार्क लाना आवश्यक नहीं है, बल्कि नर्सिंग स्टूडेंट्स को बेड साइड प्रैक्टिस में एक्सपर्ट होना जरूरी है।

बिना बेड साइड प्रैक्टिस के आप अच्छी नर्स नहीं बन सकती हैं। नर्सिंग स्टूडेंट्स को हमेशा सीखते रहने की दरकार है। नर्सिंग वैल्यू को अपने प्रोफेशन में शामिल करते रहें। ताकि संभावित त्रुटियों को कम किया जा सके। शोध समय की दरकार है। इसीलिए टीचर्स, नर्सेज़, क्रिटिकल नर्सेज़ डीन आदि को रिसर्च के प्रति संजीदा रहना होगा।

सभी अतिथियों को बुके, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कॉन्फ्रेंस के दौरान मेहमानों ने तीन पुस्तकों- एडवांस इन पब्लिक हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च, प्रोस्पैक्ट्स एंड चैलेंजेज़ फॉर अर्ली हैल्थ केयर रिसर्चर्स और प्रोस्पैक्ट्स एंड चैलेंजेज़ फॉर एडवांस्ड हैल्थ केयर रिसर्चर्स का विमोचन भी किया। इससे पूर्व नर्सिंग की डीन प्रोफेसर एसपी सुभाषिनी ने कॉन्फ्रेंस की थीम प्रस्तुत की। कॉन्फ्रेंस में रिसर्चर्स की ओर से 30 रिसर्च पेपर्स भी प्रजेंट किए गए। कॉन्फ्रेंस का संचालन प्रो. बसवराज मुधोल और प्रो. विजिमोल ने किया। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के डीन नर्सिंग डॉ. अशोक कुमार विश्नोई बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल- एसडीजी को अचीव करने का आहवान करते हुए बोले, हैल्थकेयर की मजबूती के लिए वैश्विक स्तर पर करीब 3 करोड़, जबकि भारत में 90 लाख नर्सेज़ की आवश्यकता है। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने कहा कि किसी भी प्रोफेशन को उड़ान के लिए रिसर्च जरूरी है। शोध को परिभाषित करते हुए बोले, रिसर्च चेंज द डायरेक्शन इन करियर एंड सक्सेस ऑफ लाइफ। नर्सिंग सेवाओं में लव, कम्पैशन और केयर की जरूरत है।

उन्होंने महावीर जयंती, हनुमान जयंती और गुड फ्राइडे को पॉवर के सिम्बल बताया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन रिसर्च को डवलपमेंट का कोर बताते हुए बोलीं, यह रिसर्चर्स को न्यू आइडिया और न्यू इन्नोवेशन के लिए जागरूक करता है। उन्होंने उम्मीद जताई, टीएमयू का इन्क्यूबेशन सेंटर सभी शोधकर्ताओं को शीड मनी प्रोजेक्ट, रिसर्च फंडिंग और इन्नोवेटिव सॉल्यूशन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। नर्सिंग स्टुडेंट्स और स्टॉफ हैल्थकेयर का दिल हैं। कॉन्फ्रेंस में डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. अमित कंसल, डॉ. रामकुमार गर्ग, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री सिद्धेश्वर अंगाडी, डॉ. सुमन वशिष्ट, प्रो. अनुषी सिंह, डॉ. वरुण तोशनीवाल, डॉ. सपना सिंह, डॉ. लिंसी जोसेफ, श्री जितेन्द्र सिंह, श्री यासिर जावेद, श्री गौरव कुमार, श्री मुकुल सिंह आदि मौजूद रहे।

**यह रहे मौजूद**

कर्नल बीनू शर्मा, डॉ. अशोक कुमार विश्नोई, प्रोफेसर वी के जैन, मंजुला जैन, नीलिमा जैन, नर्सिंग की डीन प्रोफेसर एसपी. सुभाषिनी,प्रोफेसर एम जेसलीन, प्रोफेसर श्योली सेन, वाइस प्राचार्य प्रोफेसर रामनिवास आदि मौजूद रहे।

## श्री हनुमान जन्मोत्सवः भजन कीर्तन एवं जागरण का हुआ आयोजन

**गजरौला।** हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के अवंतिका नगर में स्थित बालाजी दरबार गजरौला सरकार में भजन कीर्तन और जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान हनुमान जी को 151 किलो लड्डू का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान श्रद्धालु हनुमान जी की झांकियां देकर भाव विभोर हो गए।

बता दें कि नगर में गुरुवार को हनुमान की जयंती धूमधाम से मनाई। नगर के अवंतिका नगर स्थित बालाजी दरबार में महंत दिनेश नागर के मार्गदर्शन में सुबह के समय रामायण का पाठ तो वही दोपहर में संकट मोचन हवन किया। संध्या में काशी की तर्ज पर महाआरती के बाद हनुमान को 151 किलो के लड्डू का भोग लगाया।रात को कलाकारों द्वारा हनुमान का जागरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें कलाकारों ने हनुमान जी की सुंदर झांकियां प्रस्तुत करके श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया। इस मौके पर रालोद जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, अभय चौधरी, सीपी सिंह, अमरपाल, हिमांशु, अशोक चौधरी, अरुण चौधरी, आशा रानी, अनिता चौधरी आदि मौजूद रहे।

## ओवरटेक करते समय कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

- ई- रिक्शा में बैठी दो महिलाएं घायल,निजी चिकित्सक के यहां भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर ई-रिक्शा से ओवरटेक करते समय कार चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी,जिससे ई- रिक्शा पलट गई। ई- रिक्शा में बैठी सास बहू बुरी तरह घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हरिया खेड़ा निवासी मचनी पत्नी सुरेश एवं सास विमला के साथ शुक्रवार की सुबह ई- रिक्शा में बैठकर नगर को आ रही थी। जैसे ही वह तीसरा मिल के निकट पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो रहरा की दिशा से आ रहे कार चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई- रिक्शा सड़क पर पलट गई। जिसमें बैठी मचनी उसकी सास विमला घायल हो गई। राहगीरों के द्वारा मचनी की हालत को गंभीर देखते हुए उसे नजदीक के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया,जहां उसका उपचार चल रहा है।कार चालक मौके से कार लेकर फरार हो गया,अभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया इस मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शराबी बेटे ने पिता को पीट कर किया घायल, तहरीर

- पिता ने बेटे के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शराबी बेटे ने शराब के नशे में पिता की जमकर पिटाई कर दी। घायल हालत में पीड़ित पिता कोतवाली पहुंचा। आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक घेर निवासी बुद्धा पुत्र रामफल परिवार के साथ रहता है, उस के तीन पुत्र हैं। सबसे छोटा पुत्र ट्रक चालक है, उसकी अभी शादी भी नहीं हुई है। शुक्रवार की दोपहर आरोपी ट्रक चलाकर अपने घर लौटा तो वह शराब के नशे में धुत था। आरोपी पुत्र ने आते ही पिता को गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दी। पिता ने गालियां देने की वजह पूछी तो आरोपी पुत्र ने जमकर मारपीट कर दी,मारपीट में पिता के हाथ की उंगली टूट गई। घायल हालत में पीड़ित पिता कोतवाली पहुंचा। आरोपी पुत्र के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए नगर के सीएचसी भेजा। जहां उसका उपचार किया। जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच के लिए पुलिस को मौके पर भेजा गया है।

## नाला निर्माण के दौरान गिरा 40 साल पुराना पिलखन का पेड़, टला हादसा


नाला निर्माण के दौरान गिरा पेड़। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर में नाला निर्माण कार्य के दौरान शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नगर के झकड़ी मार्ग पर नगरपालिका द्वारा जनसुविधा हेतु कराए जा रहे नाला निर्माण के कार्य के बीच 40 वर्ष पुराना पिलखन का एक पेड़ अचानक धराशायी हो गया।पेड़ के गिरने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे आवागमन ठप हो गया। गनीमत रही कि जिस समय यह पेड़ गिरा, उस समय वहां से कोई राहगीर या वाहन नहीं गुजर रहा था,अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी घट सकती थी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और हड़कंप का माहौल उत्पन्न हो गया। मोहल्ला निवासी अर्जुन अग्रवाल ने बताया कि पेड़ की जड़ें नाला खुदाई के कारण कमजोर हो गई थीं, जिसके चलते यह अचानक गिर पड़ा। घटना की सूचना लोगों द्वारा तुरंत वन विभाग को दे दी गई है, ताकि मार्ग को पुनः सुचारू करने के लिए पेड़ को हटाया जा सके।

**कार्यक्रम** झांकियों के दौरान बड़ी संख्या में साधु-संतों और ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया

# हर्षोल्लास से मनाया हनुमान जन्मोत्सव, निकाली शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय




निकाली गई बालाजी की शोभा यात्रा। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ में स्थित शिव मंदिर पर हनुमान बालाजी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष वैदिक विधि-विधान से विशेष पूजन-अर्चन किया गया।इस अवसर पर भगवान राम दरबार, हनुमान बालाजी और राम-सीता-लक्ष्मण की झांकी निकाली, जो पूरे गांव में भ्रमण करती हुई मुख्य मार्गों से निकली। झांकियों के दौरान बड़ी संख्या में साधु-संतों और ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान ने समस्त कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ भगवान से क्षेत्र एवं देश की सुख-शांति व समृद्धि की प्रार्थना की।इस दौरान बालेश्वर नागर, धर्मेंद्र कुमार, विशाल कुमार, नितिन, कपिल, होमाशंकर, रोहित, बाबूराम, अक्षय, संजीव, अर्जुन सिंह, लखमी सिंह, लेखराज, सूरज सिंह, सोनू, कृष्णन कुमार, प्रदीप विश्वकर्मा, सीताराम, नंदन सिंह, सुभाष सिंह व दिनेश सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## केवाईसी एवं बुकिंग करने के लिए उपभोक्ताओं की उमड़ी एजेंसियों पर भीड़


एजेंसी पर लगी भीड़। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर में पिछले काफी समय से घरेलू गैस की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे रहा है, वहीं सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष गैस एजेंसियों पर केवाईसी एवं बुकिंग कराने के लिए कतारों में खड़े नजर आए। आलम यह है कि कई दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।उपभोक्ताओं का कहना है कि वह सुबह से ही परेशानी के बीच लाइन में लग रहे हैं, लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते उपभोक्ता को परेशानी उठानी पड़ी। वही नगर स्थित सचिन इंडियन गैस एजेंसी के द्वारा होम डिलीवरी भी कराई जा रही है जिससे उपभोक्ताओं को कुछ राहत महसूस हो रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की आपूर्ति सुचारु की जाए ताकि जनता को इस मानसिक और शारीरिक परेशानी से निजात मिल सके।

संपादकीय

# संगठनिक दरारों से जूझती कांग्रेस!

सत्ता के शिखर तक पहुंचने का मार्ग अनुशासित संगठन, अचूक रणनीति और नेतृत्व के प्रति अडिग विश्वास की नींव पर टिका होता है। यदि इन बुनियादी स्तंभों में ही दरार पड़ जाए, तो राजनीतिक क्षरण रोकना असंभव हो जाता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस की वर्तमान स्थिति इसी कड़वे सत्य का जीवंत प्रमाण बनी हुई है, जहां सांगठनिक दुर्ग के भीतर से उठती बगावत की आवाजें अब सड़क पर आ गई हैं। हाल ही में आहूत हुई प्रदेश कांग्रेस यूथ कांग्रेस की बैठक केवल एक औपचारिक विमर्श नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के दबे हुए आक्रोश का विस्फोट साबित हुई। जब प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने आत्मविश्वास के साथ अपने कामकाज का फीडबैक मांगा, तो उन्हें जो प्रत्युत्तर मिले, उन्होंने पार्टी के भीतर व्याप्त 'पसंद-नापसंद' की संस्कृति की पोल खोल दी। कार्यकर्ताओं का यह कहना कि नेतृत्व केवल अपनों या चहेतों तक सीमित है, इस बात की पुष्टि करता है कि धरातल पर काम करने वाला कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। विडंबना यह है कि जहां शीर्ष नेतृत्व 'संवाद' का दावा करता है, वहीं धरातल पर सिर्फ भाषण और फिर प्रस्थान की कार्यशैली हावी है। वरिष्ठ नेताओं और युवा कार्यकर्ताओं के बीच का यह भाषाई और भावनात्मक फासला पार्टी को खोखला कर रहा है। बैठक में आए कार्यकर्ताओं की नाराजगी हो या निष्कासित पदाधिकारियों के समर्थकों का हंगामा, ये तमाम घटनाक्रम बताते हैं कि अनुशासन अब कांग्रेस में समाप्त हो चुका है। जब बूथ और वार्ड स्तर के अभियानों को महज 'भीड़ जुटाने का जरिया' मान लिया जाए, तो स्पष्ट है कि सांगठनिक दृष्टि दिशाहीन हो चुकी है। नियुक्तियों में योग्यता के बजाय अपनों को तवज्जो देने की परिपाटी ने निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ दिया है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि जो दल अपने घर के भीतर की कलह को शांत करने में अक्षम हो, वह भाजपा को कैसे चुनौती देगा? प्रदेश कांग्रेस के लिए यह आत्ममंथन का समय है, वरना यह बिखराव उसे हाशिए पर धकेल देगा।

# घरेलू उत्पादन से मजबूत होगी ऊर्जा सुरक्षा

आज के वैश्विक परिदृश्य में यह स्थापित सत्य बन चुका है कि आर्थिक विकास की असली धुरी केवल औद्योगिक विस्तार नहीं, बल्कि सुरक्षित और सतत् ऊर्जा (खासतौर पर क्रूड ऑयाल और प्राकृतिक) की आपूर्ति है। ऊर्जा की निर्बाध उपलब्धता ही किसी भी राष्ट्र की विकास-गति को स्थिर और मजबूत बनाए रखती है। ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को झकझोर दिया है, तब भारत के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता का यक्ष प्रश्न और भी प्रासंगिक हो गया है। दरअसल, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का करीब 50 फीसदी हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के लिए खाड़ी देशों पर निर्भरता बनी हुई है। हालांकि, दुनिया के कुल 41 देशों से गैस और कच्चे तेल का आयात किया जाता है। ऐसे में जब भी वैश्विक स्तर पर युद्ध, महामारी या भूराजनीतिक तनाव उत्पन्न होता है, तब उसका सीधा प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था, महंगाई दर और विदेशी मुद्रा भंडार के साथ-साथ जीडीपी पर अवश्य पड़ता है। हालिया परिस्थितियों में होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित अवरोध और खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता ने इस चुनौती को और गहरा किया है।

हालांकि, भारत सरकार घरेलू उत्पादन को लेकर गंभीर है और धीरे-धीरे ही सही लेकिन कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी संदर्भ में भारत ने पिछले एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में गंभीर और रणनीतिक प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता में शामिल किया गया। इसका परिणाम अब ठोस परियोजनाओं के रूप में सामने आ रहा है। अरब सागर के अपतटीय क्षेत्र में स्थित दमन अपसाइड विकास परियोजना इसका जीवंत उदाहरण है, जिसने घरेलू गैस उत्पादन को नई दिशा दी है। इस परियोजना के अंतर्गत बी-12-24पी प्लेटफॉर्म से गैस उत्पादन की शुरुआत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुंबई तट से लगभग 180 किलोमीटर दूर स्थित इस परियोजना से प्राप्त गैस को हजीरा संयंत्र तक सफलतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है, जिससे



इसके व्यावसायिक उपयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार इस परियोजना का दो वर्षों से भी कम समय में पूरा होना तकनीकी दक्षता और प्रबंधन कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस परियोजना में आधुनिक ड्रिल-डेक तकनीक का प्रभावी उपयोग किया गया, जिसने उत्पादन प्रक्रिया को तेज और कुशल बनाया। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 5 मिलियन मानक घन मीटर गैस उत्पादन की क्षमता के साथ यह परियोजना आने वाले समय में और विस्तार की संभावनाएं भी रखती है। चरणबद्ध तरीके से नए कुओं को जोड़कर उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। वैश्विक ऊर्जा संकट के इस दौर में घरेलू उत्पादन की यह वृद्धि भारत के लिए राहत का संकेत लेकर आई है। कतर जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ता देशों से गैस आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के बीच यह पहल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती देने का कार्य कर रही है। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि ऊर्जा लागत को नियंत्रित करने में भी सहायता मिलेगी। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार की नीतिगत पहलें भी उल्लेखनीय हैं। ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी (ओएएलपी-11) के तहत 80,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र को तेल और गैस अन्वेषण के लिए खोलना एक दूरदर्शी कदम है। इससे न केवल नए निवेश को आकर्षित किया जाएगा, बल्कि देश के भीतर ऊर्जा संसाधनों की खोज को भी गति मिलेगी। स्थलीय से लेकर अति-गहरे समुद्री क्षेत्रों तक फैले इन ब्लॉकों में संभावनाओं का विस्तार भारत की ऊर्जा क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

इसके साथ ही, भारत ने सौर, पवन, जल और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि प्रगतिकाल में जीवाश्म ईंधनों की भूमिका पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकती। ऐसे में गैस एक अपेक्षाकृत स्वच्छ और ऊर्जा स्रोत के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दमन अपसाइड जैसी परियोजनाएं केवल उत्पादन बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक सोच और आत्मनिर्भरता के संकल्प का प्रतीक हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के इस युग में घरेलू ऊर्जा संसाधनों का विकास ही दीर्घकालिक स्थिरता और आर्थिक सुदृढ़ता का आधार बनेगा। भारत ने इस दिशा में जो कदम बढ़ाए हैं, वे न केवल वर्तमान चुनौतियों का समाधान हैं, बल्कि भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की मजबूत नींव भी रखते हैं।

■ राममनोहर रायकवार

# दैनिक राशिफल

- **मेष राशि**:- समय शानदार है, मन प्रसन्न रहेगा। कामकाज की स्थिति बढ़िया रहेगी, प्रेम-संबंध सुधरेंगे।
- **मिथुन राशि**:- समय ठीक हो गया है, भाग्य में आ रहे अवरोध दूर होंगे, धर्म में आस्था बढ़ सकती है।
- **कर्क राशि**:- समय आज ठीक नहीं है, अनावश्यक परेशानियां उत्पन्न होंगी, प्रेम-संबंधों से बचने की कोशिश करें।
- **सिंह राशि**:- समय की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी हुई है, जितने भी जरूरी कामों को आने वाले एक-दो दिन में अवश्य कर लें।
- **कन्या राशि**:- सितारे आज बेहद शानदार बने हुए हैं, आपके द्वारा सोचे गए काम आसानी से होंगे, स्वास्थ्य ठीक होगा।
- **तुला राशि**:- सितारों की आज अनुकूलता आपके पक्ष में रहने जा रही है, मन शांत होगा और काम में रुचि बढ़ेगी।
- **वृश्चिक राशि**:- समय आज ठीक नहीं है, कार्यक्षेत्र में अरुचि रहेगी। मन अप्रसन्न रहेगा, प्रेम-संबंधों से बचें।
- **धनु राशि**:- समय आज बेहद शानदार है, आपकी सोचे गए काम आसानी से संपन्न होंगे, प्रेम-संबंध मधुर रहेंगे।
- **मकर राशि**:- समय आज कमजोर बना हुआ है, मानसिक परेशानी बढ़ सकती है, धन की चिंता बढ़ेगी।
- **कुंभ राशि**:- समय आज से सुधर रहा है, तनाव और परेशानियां दूर होंगी, लोगों से हुई मेल-मुलाकात आप को प्रसन्न कर सकती है।
- **मीन राशि** :- समय आज कमजोर सा है, व्यर्थ की परेशानी और धन खर्च आपको परेशान करेगा, प्रेम संबंधों से बचें।
- **वृषभ राशि**:- सितारे आज शानदार स्थिति में बने हुए हैं, आपके द्वारा सोचे गए काम आसानी से बनेंगे, मन प्रसन्न रहेगा।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की यह घोषणा कि भारत अब नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है, केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र के मनोबल में विश्वास की नई रोशनी है। दशकों तक देश के एक बड़े भू-भाग को प्रभावित करने वाला यह आंदोलन आज इतिहास के पन्नों में सिमटता नजर आ रहा है।

# लाल आतंक पर विकास और विश्वास की विजय

देश के लिए यह क्षण केवल सुरक्षा बलों की जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की दृढ़ता और विकास की शक्ति का प्रमाण है। यह उपलब्धि उस दीर्घकालिक संघर्ष की परिणति है, जिसमें नीति, धैर्य और संकल्प का संतुलित समावेश रहा। 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से आरंभ हुआ यह आंदोलन मूलतः किसानों के अधिकारों की लड़ाई के रूप में सामने आया था। परंतु समय के साथ यह वैचारिक संघर्ष हिंसात्मक उग्रवाद में बदल गया। धीरे-धीरे यह रेड कॉरिडोर के रूप में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना तक फैल गया। इस दौरान नक्सलियों ने समानांतर सत्ता की संरचना खड़ी करने का प्रयास भी किया, जिससे आम नागरिकों का जीवन असुरक्षित और अस्थिर होता गया। भय और बंदूक के साये में विकास की संभावनाएं लगभग समाप्त हो गई थीं।

**हालांकि,** इस समस्या के समाधान के लिए समय-समय पर सरकारों ने प्रयास किए, लेकिन निर्णायक मोड़ तब आया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक समन्वित रणनीति अपनाई। इस रणनीति में कठोर सुरक्षा कार्रवाई के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक विस्तार शामिल था। परिणामस्वरूप, जहां एक ओर सुरक्षा बलों ने माओवादी नेतृत्व को कमजोर किया, वहीं दूसरी ओर आम जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य हुआ। डिजिटल कनेक्टिविटी, सड़क निर्माण और शिक्षा के विस्तार ने इस परिवर्तन को और गति दी। अमित शाह के अनुसार, सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष नेतृत्व को लगभग पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया गया है। कई मारे गए, कुछ गिरफ्तार हुए और कइयों ने आत्मसमर्पण किया। यह केवल संख्यात्मक उपलब्धि नहीं, बल्कि उस वैचारिक ढांचे के विघटन का संकेत है, जो वर्षों से हिंसा को वैध ठहराता आया था। विशेष रूप से 2024 में अबूझमाड़ और कर्रेगुट्टा जैसे क्षेत्रों में हुई निर्णायक कार्रवाइयों ने नक्सलवाद की रीढ़ तोड़ दी। इन अभियानों ने यह स्पष्ट कर दिया कि राज्य की शक्ति और रणनीति अब पहले से कहीं अधिक सशक्त और संगठित है।

**दरअसल,** इस सफलता के पीछे केवल सैन्य बल नहीं, विकास और विश्वास की नीति भी समान रूप से जिम्मेदार रही। प्रभावित क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के प्रयासों ने नक्सलियों के जनाधार को कमजोर किया। जब लोगों को विकल्प मिला यानी हिंसा या विकास, तो उन्होंने विकास का रास्ता चुना। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि स्थायी शांति केवल हथियारों से नहीं, बल्कि अवसरों और न्याय से स्थापित होती है। फिर भी, यह मान लेना कि खतरा पूरी तरह समाप्त हो चुका है, जल्दबाजी होगी। ऐसी विचारधाराएं पूरी तरह समाप्त नहीं होतीं, अवसर मिलने पर फिर सिर उठा सकती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सरकार सतर्कता बनाए रखे और उन क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य जारी रखे, जहां कभी नक्सली प्रभाव रहा है। स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और युवाओं को सही दिशा देना, इस दिशा में निर्णायक होगा। कुल मिलाकर यह उस विश्वास की विजय है, जो लोकतंत्र अपने नागरिकों में जगाता है। यह उस भारत की कहानी है, जो चुनौतियों से जूझते हुए भी विकास और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ना जानता है और हर संकट को अवसर में बदलने की क्षमता रखता है।

■ जसवंत सिंह राजपूत

जीवनशैली

सावधान...

# सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती है एआई की सलाह



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन स्वास्थ्य के मामले में इसकी सलाह घातक हो सकती है। हालिया अंतरराष्ट्रीय शोध ने चेतावनी दी है कि एआई चैटबॉट अक्सर बीमारी की गंभीरता को समझने में चूक कर देते हैं, जिससे इलाज में देरी जानलेवा साबित हो सकती है। तकनीक की दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई को इस सदी की सबसे बड़ी तकनीकि क्रांति माना जा रहा है। शिक्षा से लेकर दफ्तर के कामकाज तक, एआई ने हमारी राहें आसान की हैं। लेकिन क्या आप अपनी सेहत से जुड़ा फैसला एक एआई के भरोसे छोड़ सकते हैं? 'एनल्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन' में प्रकाशित एक ताजा अंतरराष्ट्रीय शोध ने इस पर खतरे की घंटी बजा दी है।

## जरा सी चूक और जान का जोखिम

शोधकर्ताओं ने दुनिया के चार लोकप्रिय एआई चैटबॉट्स का परीक्षण 32 वास्तविक मेडिकल स्थितियों में किया। नतीजों ने विशेषज्ञों को हैरत में डाल दिया। पता चला कि 100 में से 88 मामलों में एआई ने या तो गलत जानकारी दी या मरीज को भ्रमित किया। सबसे डरावनी बात यह रही कि लगभग 35 प्रतिशत मामलों में एआई यह पहचानने में पूरी तरह फेल रहा कि मरीज को तुरंत अस्पताल जाने की जरूरत है या नहीं। कल्पना कीजिए, अगर किसी व्यक्ति को दिल का दौरा (हार्ट अटैक) या मस्तिष्काघात (ब्रेनस्ट्रोक) के लक्षण हों और एआई उसे घर पर आराम करने या घरेलू नुस्खे अपनाने की सलाह दे दे, तो परिणाम क्या होंगे? शोध के मुताबिक, एआई अक्सर गंभीर लक्षणों को मामूली समझकर नजरअंदाज कर देता है, जिससे कीमती समय (गोल्डन) बर्बाद हो जाता है।

## विश्वसनीय नहीं है डिजिटल डॉक्टर

यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स बर्मिंघम के विशेषज्ञों का कहना है कि एआई मॉडल मानवीय संवेदना और स्थिति की गंभीरता को समझने में संघर्ष करते हैं। एक ही बीमारी के लक्षणों पर एआई अलग-अलग समय पर अलग-अलग जवाब देता है, जो इसकी अनिश्चितता को बताता है। खासकर उन दूरस्त क्षेत्रों में जहां डॉक्टरों की कमी है, लोग अक्सर मुफ्त ऑनलाइन टूल का सहारा लेते हैं। ऐसे में गलत जानकारी खतरनाक है।

## डॉक्टर का विकल्प नहीं एआई

इस शोध का मतलब यह नहीं कि यह तकनीक पूरी तरह बेकार है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई चिकित्सा साहित्य का सार तैयार करने या मरीजों के लिए शैक्षिक सामग्री बनाने में मददगार हो सकता है। लेकिन जब बात बीमारी की पहचान और आपातकालीन निर्णय की हो, तो यह डॉक्टर का विकल्प कभी नहीं हो सकता। शोधकार्ताओं की स्पष्ट सलाह है कि जब तक इन चैटबॉट्स के लिए कड़े नियम और सुरक्षा मानक तय नहीं हो जाते, तब तक इन्हें चिकित्सकीय परामर्श का जरिया न बनाएं।

## तकनीक नहीं, विवेक जरूरी

एआई एक बेहतर उपकरण है, लेकिन स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मामले में यह अभी विश्वसनीय नहीं है। जब तक मजबूत निगरानी तंत्र और सुरक्षा विकसित नहीं होते, तब तक इसे केवल एक सहायक के रूप में इस्तेमाल करना ठीक है। लेकिन सही इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक ही सबसे भरोसेमंद विकल्प हैं।



# खुशियों का करें आदान-प्रदान तो संतुष्टि होगी हासिल



आध्यात्मिकता का लक्ष्य खुशी लाना है...

खुशी दो तरह की होती है। पहली हड़पना या लेना। बच्चा जब छोटा होता है तो वह चीजों को लेने का आनंद लेता है। यह एक शिशु की खुशी है पाने की इच्छा। देने का आनंद पाने के आनंद से कहीं ज्यादा संतुष्टिदायक होता है। हमें स्कूल या घरों में नकारात्मक भावनाओं को संभालने का तरीका नहीं सिखाया जाता।

आज मानसिक स्वास्थ्य दुनिया की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है। पिछली पीढ़ियों में युवाओं के पास आगे बढ़ने के लिए कुछ था। वे दुनिया की खोज करते थे और धीरे-धीरे नई चीजें खोजते थे। लेकिन आज इंटरनेट के कारण वे अनुभव कम प्रयास में ही उपलब्ध हैं। आज खुशी की तलाश बहुत कम उम्र में ही शुरू हो जाती है। हालांकि सही मार्गदर्शन नहीं मिले तो उनमें आक्राकमता और अवसाद शुरू हो सकता है। हमारे अंदर की उत्तेजनाएं इतनी जल्दी पनप जाती हैं कि वे एक अनिश्चितता की दिशा में चले जाते हैं। इसलिए जीवन में खुशी की तलाश करना स्वाभाविक है।

**बांटने में होती है प्रसंन्नता :** अधिकांश देखने में आता है कि जब हम बांटते हैं तो हमें कितनी खुशी होती है। जैसे जब हम कोई अच्छी फिल्म देखते हैं तो हमारा मन हर किसी को इसके बारे में बताने का करता है। इसके लिए फिल्म निर्माता आपको कमीशन नहीं दे रहा है आपको बस यह लगता है कि आपके प्रियजनों को भी ऐसा ही अनुभव होना चाहिए। यह एकपरिपक्व आनंद है जो देने से ही आता है। इसी तरह लेने की मानसिकता से देने से मन शुद्ध होता है और इससे हमें अपार खुशी मिलती है।

**निराशा से बनाएं दूरी:** जिस दिन हम निराश और उदास महसूस करते हैं, ऐसे समय में घर से बाहर निकलें और लोगों से पूछें कि मैं आपके लिए क्या कर सकता हूं? आप जो सेवा प्रदान करेंगे वह आपके भीतर एक क्रांति लाएगी।जब हम दूसरों के बारे में मदद की सोचते हैं तो हमारे अंदर एक अलग भाव पैदा होता है और एक खुशी की अनुभूति होती है कि ईश्वर आपकी बहुत अच्छी तरह से देखभाल कर रहे हैं और जीवन प्रेम और कृतज्ञता से भर जाता है।

# गार्डनिंग...दिल को मिले सुकून, सेहत भी रहे दुरुस्त

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में मानसिक तनाव और शारीरिक थकान आम समस्या बन चुकी है। ऐसे में गार्डनिंग एक ऐसा सरल और सुलभ उपाय है, जो हमें प्रकृति के करीब लाकर सुकून का अनुभव कराता है। मिट्टी में हाथ डालकर पौधे लगाना, उन्हें बढ़ते देखना और उनकी देखभाल करना मन को एक अनोखी शांति देता है। यह गतिविधि न केवल हमारे वातावरण को हरा-भरा बनाती है, बल्कि हमें प्राकृतिक ऊर्जा से भी जोड़ती है।



## मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

गार्डनिंग को एक प्रकार की थेरेपी भी माना जाता है। जब हम पौधों के बीच समय बिताते हैं, तो हमारा मन शांत होता है और चिंता, अवसाद जैसी समस्याएं धीरे-धीरे कम होने लगती हैं। हरियाली देखने से आंखों को आराम मिलता है और दिमाग में सकारात्मक विचारों का संचार होता है। पौधों की वृद्धि को देखना हमें धैर्य और संतोष का भाव भी सिखाता है।

## शारीरिक सेहत में सुधार

गार्डनिंग केवल मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसमें खुदाई करना, पानी देना, पौधों को संभालना जैसे कार्य हल्के व्यायाम के समान होते हैं। इससे शरीर सक्रिय रहता है और कैलोरी भी बर्न होती है। नियमित गार्डनिंग से हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

## पर्यावरण संरक्षण में योगदान

गार्डनिंग के माध्यम से हम पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अधिक से अधिक पौधे लगाने से वायु प्रदूषण कम होता है और वातावरण शुद्ध बनता है। घर के आसपास हरियाली बढ़ने से तापमान नियंत्रित रहता है और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलता है। यह एक छोटा-सा कदम है, लेकिन इसका प्रभाव व्यापक होता है।



## आत्मनिर्भरता और संतुष्टि का अनुभव

जब हम अपने हाथों से उगाए हुए फल, सब्जियां या फूल देखते हैं, तो एक अलग ही खुशी का अनुभव होता है। यह हमें आत्मनिर्भर बनाता है और मेहनत का फल मिलने का एहसास कराता है। साथ ही, यह हमारे जीवन में सकारात्मकता और संतुलन लाने में मदद करता है। वास्तव में गार्डनिंग केवल एक शौक नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो हमें सुकून, स्वास्थ्य और संतुलन प्रदान करती है। यदि हम अपने दैनिक जीवन में थोड़ा-सा समय गार्डनिंग को दें, तो यह हमारे जीवन को अधिक खुशहाल और स्वस्थ बना सकता है।

# टी-20 बैटर्स रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज टॉप-10 में

## साउथ अफ्रीकी एस्टरहुइजन 39वें स्थान पर; ऑलराउंडर में हार्दिक टॉप-2



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी-20 बैटर्स रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज टॉप-10 में हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 200 रन बनाने वाले साउथ अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन 64 स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में हार्दिक पंड्या नंबर-2 पर बने हुए हैं।

### अभिषेक टॉप पर काबिज

टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 875 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर भी भारत के ईशान किशन हैं। टॉप-10 में भारत के कुल 4 बल्लेबाज शामिल हैं। इसमें तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव भी जगह बनाने में सफल रहे हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे नंबर पर हैं, जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट चौथे स्थान पर हैं। ऑलराउंडर में सिकंदर रजा पहले पायदान पर ऑलराउंडर रैंकिंग में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा 328 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। भारत के हार्दिक पंड्या 299 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के सैम अयूब तीसरे और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी चौथे नंबर पर हैं।

### गेंदबाजी में राशिद नंबर-1

गेंदबाजों की रैंकिंग में अफगानिस्तान के राशिद खान 753 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। भारत के वरुण चक्रवर्ती दूसरे और पाकिस्तान के अबरार अहमद तीसरे स्थान पर हैं।टॉप-10 में भारत के जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं।

# चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट- प्रज्ञानानंदा ने चौथा राउंड ड्रॉ खेला

## विमेंस कैटगरी में दिव्या हारीं, पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे 8वें नंबर पर पहुंचीं

**पाफोस (एजेंसी)।** साइप्रस के पाफोस में चल रहे स्न्न्नष्ठ्ठ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चौथे राउंड में जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ खेला। चौथे राउंड में दो मुकाबले ड्रॉ रहे और दो के रिजल्ट निकले। विमेंस में वैशाली रमेशबाबू ने रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ ड्रॉ खेला। वहीं, दिव्या देशमुख को चीन की झू जिनेर के खिलाफ हार मिली।



### प्रज्ञानानंदा चौथे नंबर पर

चौथे राउंड के बाद ओपन कैटेगरी में उज्बेक के ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव 3.5 पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना दूसरे, अनीश गिरी तीसरे और आर प्रज्ञानानंदा चौथे नंबर पर हैं। विमेंस कैटेगरी में चौथे राउंड के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली छठे और दिव्या सबसे नीचे 8वें नंबर पर हैं।भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ ड्रॉ खेला। गुकेश ने जीता था पिछला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी।

# न्यूजीलैंड का विमेंस वनडे में सबसे बड़ा रनचेज

### भारत का रिकॉर्ड तोड़ा, केर ने 179 रन बनाए

वेलिंग्टन (एजेंसी)न्यूजीलैंड ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रनचेज कर लिया। टीम ने दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 विकेट से जीत हासिल की। अमेलिया केर की नाबाद 179 रन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने 348 रन का लक्ष्य 49.4 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल किया और सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। वेलिंग्टन में बुधवार को न्यूजीलैंड ने भारत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में इंडियन विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट खोकर 341 रन का टारगेट हासिल किया था।

### इसाबेला की पारी ने मैच पलटा

348 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सूजी बेट्स जल्दी आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर ने पारी संभाली और जॉर्जिया प्लिमर के साथ 52 रन की साझेदारी की ।मिडिल ओवर्स में टीम का स्कोर 130/4 हो गया था और मैच साउथ अफ्रीका की पकड़ में दिख रहा था। तभी केर को इसाबेला गेज का साथ मिला, जिन्होंने 48 गेंद में 68 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। दोनों के बीच 120 रन की तेज साझेदारी हुई।

### साउथ अफ्रीका ने 346 रन बनाए थे

इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 346/6 रन बनाए थे। लौरा वोलवार्ट और एनेके बोश ने दूसरे विकेट के लिए 132 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंत में क्लो ट्रायन ने 25 गेंद में नाबाद 52 रन बनाकर स्कोर 347 तक पहुंचाया।

### केर ने 23 चौके लगाए

अमेलिया केर ने 139 गेंद में नाबाद 179 रन बनाए, जिसमें 23 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। उन्होंने पहले पारी को संभाला और फिर तेजी से रन बनाते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। आखिर में केर ने ही चौका लगाकर मैच खत्म किया और टीम को यादगार जीत दिलाई।



# आज पंजाब के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा सीएसके

### घरेलू मैदान पर जीत की तलाश

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2026 में अपने दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज कर लय हासिल करने के इरादे से उतरेगा। यह मैच चेन्नई के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा, जहां सीएसके का रिकॉर्ड हमेशा मजबूत रहा है। टीम पहले मैच की हार को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी।



### पंजाब किंग्स का आत्मविश्वास ऊंचा

पंजाब किंग्स ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। कूपर कॉनॉली ने तीसरे नंबर पर अहम पारी खेलकर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। वहीं युजवेंद्र चहल ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीच के ओवरों में विकेट चटकाए।

### मजबूत गेंदबाजी बनी पीबीकेएस की ताकत

पंजाब की गेंदबाजी यूनिट संतुलित नजर आ रही है। चहल के साथ तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाक ने भी अच्छा सहयोग दिया। टीम इस लय को बरकरार रखते हुए सीएसके के खिलाफ भी दबदबा बनाना चाहेगी।

- **पहले मैच में निराशाजनक प्रदर्शन-** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए पहले मुकाबले में सीएसके का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। युवा खिलाड़ियों से सजी टीम किसी भी विभाग में प्रभाव नहीं छोड़ पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। अब टीम उस हार से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।
- **धोनी की मौजूदगी से मिलेगा सहारा-** टीम के अनुभवी खिलाड़ी एमएस धोनी पहले मैच में पिंडली की चोट के कारण टीम के साथ नहीं थे। हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में उनके डगआउट में रहने की संभावना है, जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को रणनीतिक मदद मिल सकती है।
- **बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत-** सीएसके के बल्लेबाज पहले मैच में पूरी तरह फ्लॉप रहे थे। संजू सैमसन अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए और वह इस मुकाबले में वापसी करना चाहेंगे। सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मौका मिला, लेकिन वह इसे भुना नहीं सके।


# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का जलवा

### आदित्य की 5-0 से धमाकेदार जीत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मंगोलिया के उलानबटार में चल रही एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में भारत के स्टार बॉक्सर आदित्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में सऊदी अरब के मौसा अलहवसाव को 5-0 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन आदित्य ने पूरे मुकाबले में अपनी तकनीक और नियंत्रण का बेहतरीन प्रदर्शन किया और एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही अब उनका अगला मुकाबला उजबेकिस्तान के अब्दुल्लोह मादामिनोव से होगा, जिसे काफी कड़ा मुकाबला माना जा रहा है।

आदित्य ने इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने अपने पंचों की सटीकता और रिंग में मूवमेंट के दम पर मुकाबले को पूरी तरह नियंत्रित रखा। इससे पहले भी वह जनवरी में आयोजित 9वीं एलीट मेंस नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं और उसी लय को यहां भी बरकरार रखा है।

इस चैंपियनशिप में भारत ने पहले दिन से ही शानदार शुरुआत की थी। महिला 54 किलोग्राम वर्ग में प्रीति पवार ने कजाकिस्तान की एलिना बाजारोवा को 5-0 से हराया। वहीं पुरुष 70 किलोग्राम वर्ग में दीपक ने उजबेकिस्तान के खवासबेक असदुल्लाएव को कड़े मुकाबले में 3-2 से मात दी और अपनी क्षमता का



परिचय दिया।

दूसरे दिन भी भारतीय मुक्केबाजों का दबदबा जारी रहा। महिला 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिया ने कजाकिस्तान की रिम्मा वोलोसेंको को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं पुरुष 55 किलोग्राम वर्ग में जादुमणि सिंह ने जापान के रुई यामागुची के खिलाफ कड़ा मुकाबला खेला, लेकिन वह 2-3 के करीबी फैसले में हार गए।

# विलियम्स ने टीम इंडिया के लिए छोड़ी ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता

**कोच्चि (एजेंसी)** भारतीय फुटबॉल के लिए एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर का हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ मैच एक खास पल का गवाह बना। भारत ने मैच 2-1 से जीतकर टूर्नामेंट में अपना सफर खत्म किया। यह भारत की प्रतियोगिता में पहली और कोच्चि के मैदान पर भी पहली जीत रही। भारत की ओर से रयान विलियम्स (4′) और आकाश मिश्रा (50′) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलियाई मूल के 32 वर्षीय रयान इस मैच में भारत के लिए डेब्यू कर रहे थे। 2014 में अराता इजुमी के बाद वह भारत के लिए खेलने वाले पहले विदेशी मूल के खिलाड़ी बने। रयान का पोर्ट्समाउथ और फुलहम जैसे इंग्लिश क्लबों से होते हुए कोच्चि तक का सफर अपनी जड़ों की ओर लौटने की कहानी है। रयान का जन्म ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में हुआ था और 2019 में वह ऑस्ट्रेलिया के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल चुके थे। भारत से उनका नाता उनकी मां ऑड्रे से जुड़ता है, जो मुंबई (तत्कालीन बॉम्बे) के एक एंग्लो-इंडियन परिवार से ताल्लुक रखती हैं।



### 7 महीने से टीम से बाहर थे, बोर्ड ने कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू नहीं किया

# साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज रासी डुसेन ने संन्यास लिया

केपटाउन (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका के दिग्गज मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज रासी वैन डर डुसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने साल 2026-27 के सीजन के लिए उनके सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को रिन्यू नहीं किया गया था, जिसके बाद 37 साल के खिलाड़ी ने यह फैसला लिया। डुसेन पिछले 7 महीनों से नेशनल टीम का हिस्सा नहीं थे और उन्होंने अपना आखिरी मैच अगस्त 2025 में खेला था।

उन्होंने गुरुवार सुबह इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके यह जानकारी दी। घरेलू टीम लायंस के लिए वे खेलते रहेंगे, फ्रैंचाइजी क्रिकेट में भी हिस्सा लेंगे। डुसेन ने लिखा,भारी मन के साथ मैं इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। प्रोटियाज की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है।

### वनडे में डिविलियर्स के बाद सबसे शानदार औसत

रासी वैन डर डुसेन का वनडे करियर बेहद प्रभावी रहा। उन्होंने 71 वनडे मैचों में करीब 52 की औसत से रन बनाए, जो साउथ अफ्रीका के इतिहास में महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ औसत है।

उन्होंने अपने करियर में 6 शतक और 17 अर्धशतक जड़े। खास बात यह रही कि 2019 में अपने डेब्यू के बाद शुरुआती 9 मैचों में ही उन्होंने 5 फिफ्टी लगाकर अपनी जगह पक्की कर ली थी।



- **डिविलियर्स की वापसी पर खुलकर रखी थी राय-** 2019 वर्ल्ड कप के दौरान जब एबी डिविलियर्स ने संन्यास से वापसी की पेशकश की थी, तब डुसेन ने इस मुद्दे पर बेबाकी से अपनी बात रखी थी। उन्होंने स्वीकार किया था कि अगर डिविलियर्स वापस आते, तो इसका सीधा असर उनके चयन पर पड़ता। उस खराब वर्ल्ड कप अभियान में भी डुसेन साउथ अफ्रीका के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। इसके बाद 2023 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भी वे टीम के टॉप स्कोरर में शामिल रहे।
- **टेस्ट में नहीं लगा सके एक भी शतक-** जहां व्हाइट बॉल क्रिकेट (वनडे और टी-20) में डुसेन का दबदबा रहा, वहीं टेस्ट क्रिकेट में उनकी कहानी कुछ अधूरी सी रही। उन्होंने 18 टेस्ट मैचों में 6 अर्धशतक लगाए और एक बार 98 रन पर आउट होकर शतक से चूक गए। 2021-22 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद उन्हें टेस्ट टीम से ड्रॉप कर दिया गया था और उसके बाद उन्होंने कोई फर्स्ट क्लास मैच भी नहीं खेला।
- **अब मेंटर की भूमिका में नजर आएंगे डुसेन-** संन्यास के बाद डुसेन अपनी घरेलू टीम लायंस के लिए खेलना जारी रखेंगे और दुनिया भर की टी-20 लीग्स (जैसे एसए20 में एमआई केप टाउन) में सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब उनका लक्ष्य अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को सिखाना और उन्हें मेंटर करना है।

# दवाओं पर ट्रंप के 100% टैरिफ से भारत पर भी असर, नए फैसले से कितना प्रभावित होगा फार्मा सेक्टर?

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने पेटेंटेड दवाओं पर 100% टैरिफ लगाया है, लेकिन भारत की जेनेरिक दवाओं को फिलहाल छूट दी गई है। इससे अभी राहत है, मगर भविष्य में फार्मा सेक्टर पर दबाव बढ़ सकता है। आइए विस्तार से जानते हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सप्लाई चेन जोखिमों का हवाला देते हुए पेटेंटेड फार्मास्युटिकल उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है। यह निर्णय सेक्शन 232 जांच के बाद लिया गया है, जिसका उद्देश्य दवा आपूर्ति में विदेशी निर्भरता को कम करना है।

हालांकि भारत के लिए राहत की बात यह है कि जेनेरिक दवाओं को फिलहाल इस टैरिफ से बाहर रखा गया है। अमेरिकी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भारतीय कंपनियों की प्रमुख ताकत माने जाने वाले जेनेरिक ड्रग्स पर अभी कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। इससे भारत से अमेरिका को होने वाले सस्ते दवाओं के निर्यात पर तत्काल असर नहीं पड़ेगा।

भारत की फार्मा इंडस्ट्री का बड़ा हिस्सा अमेरिकी जेनेरिक बाजार पर निर्भर है और इस छूट से अल्पकाल में स्थिरता बनी रहने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ व्हाइट हाउस अधिकारी के अनुसार, भविष्य में जेनेरिक उत्पादन की स्थिति की समीक्षा कर टैरिफ नीति में बदलाव किया जा सकता है।

हालांकि, लंबे समय में यह फैसला भारत के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। पेटेंटेड दवाओं और एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (अढक्र) पर भारी टैरिफ से वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है, जिसमें भारतीय कंपनियां अहम भूमिका निभाती हैं। खासकर कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग और इंटरमीडिएट सप्लाई के क्षेत्र में इसका असर देखने को मिल सकता है।

अमेरिकी प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन कंपनियों के पास अमेरिका में उत्पादन शिफ्ट करने की योजना नहीं होगी, उनके भारत से आयातित पेटेंटेड उत्पादों पर 100 प्रतिशत शुल्क लागू होगा। हालांकि, जो कंपनियां

# देश में 60 दिनों का क्रूड ऑयल रिजर्व मौजूद, आठ राज्यों को 10% अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी कोटा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार देश के पास 60 दिनों का क्रूड ऑयल रिजर्व मौजूद है और रिफाइनरियां फुल क्षमता पर काम कर रही हैं। साथ ही 8 राज्यों को मिला 10% अतिरिक्त कमर्शियल छ्रढ्रत्न कोटा। पढ़ें पूरी खबर।

वैश्विक ऊर्जा बाजार में किसी भी संभावित उतार-चढ़ाव के बीच भारत सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर एक मजबूत और आश्वस्त करने वाली जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि भारत के पास अगले 60 दिनों की मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।



इसके साथ ही, व्यावसायिक गतिविधियों और औद्योगिक मांग को सुचारू बनाए रखने के लिए सरकार ने आठ राज्यों के लिए कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों के कोटे में अतिरिक्त 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी का भी अहम ऐलान किया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने देश के सामरिक ऊर्जा भंडार की वर्तमान स्थिति पर आधिकारिक जानकारी साझा की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में आश्वस्त किया, "भारत के पास अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल का स्टॉक सप्लाई है"।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, "सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पिछले एक महीने में 3.33 लाख पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।"

# बीसलपुर में पुलिस मुठभेड़: शातिर गौकश वाजिद घायल अवस्था में गिरफ्तार, अवैध तमंचा व औजार बरामद

## गौकशी करने जा रहे बदमाशों पर पुलिस की कार्रवाई, फायरिंग के बाद एक गिरफ्तार, दो आरोपी फरार



मुठभेड़ के बाद अभियुक्त को कंधे पर लेकर आती पुलिस

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बीसलपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार तड़के करीब 3:20 बजे गश्त के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर गौकश को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम बिलसंडा चौराहे की ओर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी वाजिद (35) पुत्र नत्थू खां निवासी मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी, थाना बीसलपुर, के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को भसूड़ा नहर के पास से गिरफ्तार कर तत्काल सीएचसी बीसलपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत अब खतरे से बाहर है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक अवैध 315 बोर तमंचा, कारतूस और गौकशी के उपकरण बरामद किए हैं। मौके से उसके साथी सगीर उर्फ गोविंदा और जावेद उर्फ लल्ला फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। उसने 22 मार्च को ग्राम चौसरा के पास और 24 मार्च को ग्राम सादिया लाडपुर के पास निराश्रित गोवंशीय पशुओं की हत्या कर उनका मांस बेचने की बात कबूल की है। इन मामलों में पहले से ही थाना बीसलपुर में मुकदमे दर्ज हैं।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर निराश्रित पशुओं को पकड़कर उनका वध करते थे और मांस बेचकर अवैध कमाई करते थे। हाल ही में भी उन्होंने भसूड़ा नहर व सादिया लाडपुर क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया था।पुलिस के अनुसार वाजिद पर पहले से ही कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट, गौकशी और हत्या के प्रयास जैसे मामले शामिल हैं। इससे उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि का अंदाजा लगाया जा सकता है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अतुल चौधरी, मोहित सिंह सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी और क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

# करेली एसओ समेत पांच पर दाखिल याचिका, कोर्ट ने तलब की पत्रावली

## >>> ग्राम पंचायत सदस्य ने रंगदारी को बताया फर्जी कोर्ट में दी चुनौती

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** ग्राम पंचायत करेली के सदस्य की शिकायत पर तहसीलदार ने जिन लोगों पर परती की जमीन पर किए गए अतिक्रमण से बेदखल करने और 2,55 लाख रुपयों का जुमार्ने से दंडित किया। करेली पुलिस ने उन्हें अतिक्रमण कारियों की शिकायत पर ग्राम पंचायत सदस्य को रंगदारी के आरोप में जेल भेज दिया। अब सदस्य ने अतिक्रमण कार्यों के साथ ही करेली थाना अध्यक्ष एवं हल्का दरोगा को पार्टी बनाते हुए कोर्ट में वाद दायर किया है। कोर्ट द्वारा पत्रावली तलब किए जाने से संबंधित लोगों में खलबली मच गई है। बता दें कि ग्राम पंचायत करेली के सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा की शिकायत पर तहसीलदार द्वारा जांच की गई थी, जिसमें सरकारी जमीन पर आरोपी सर्वेश मिश्रा एवं उनके परिजनों द्वारा किए गए अतिक्रमण की पुष्टि हुई। जिस पर तहसीलदार ने आरोपी पर 2 लाख 55 हजार का जुमार्ना लगाया था। बताते हैं कि इसके अलावा तहसीलदार में निष्पादन शुल्क के रूप में 1000 रुपए अतिरिक्त का भी जुमार्ना लगाया था। इसी मामले से आरोपी ग्राम पंचायत सदस्य से रंजिश मानने लगे थे, और फर्जी मुकदमे में फसाने का पहले भी कई बार प्रयास किया। आरोप है कि पिछले महीने 10000 मांगने का फर्जी आरोप लगाते हुए करेली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि उस वक्त उस पर हुए हमले के मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टे रंगदारी का फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। अब ग्राम पंचायत सदस्य ने रंगदारी के मुकदमे को चुनौती देते हुए कोर्ट में वाद दायर किया। जिसमें उसने आरोपी सर्वेश मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, विमलेश मिश्रा, करेली थाना अध्यक्ष विपिन शुक्ला एवं हल्का दरोगा नरेश कुमार को पार्टी बनाया। कोर्ट ने मामले से संबंधित पत्रावली तलब की है। जिसकी वजह से संबंधित लोगों में खलबली मच गई है। बताते हैं कि पुलिस ने इतनी जल्दबाजी में मुकदमा दर्ज किया, और उतनी ही जल्दी में गिरफ्तारी कर ग्राम पंचायत सदस्य को जेल भेज दिया। जिस पर शुरू से ही सवालिया निशान उठ रहे हैं।

# आज दो बजे तक बाधित रहेंगी बिजली संबंधी सेवाएं, आरएमएस बिलिंग प्रणाली पर चलेगा मेंटीनेंस, सूचना जारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** आज दोपहर दो बजे तक बिजली संबंधी सभी आनलाइन सेवाएं बाधित रहेगी। इसको लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा सूचना जारी की गई है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। पावर कार्पोरेशन से जुड़े उपभेक्ताओं को बिजली बिल में हो रही गड़बड़ी, बिल जमा करने में आ रही दिक्कत आदि समस्याओं का समाना करना पड़ रहा है। पिछले कई दिन से स्मार्ट मीटर को लेकर शहर से गांव तक हाहाकार मचा है। बिजली उपभोक्ताओं द्वारा विरोध कर नाराजगी जताई जा रही हैं। हालांकि सर्वर डाउन होने की बजह से बिल जमा करने के बाद भी सप्लाई देर से शुरू होने की समस्या से अब निजात मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इसको लेकर आरएमएस बिलिंग प्रणाली पर मेंटीनेस कार्य किया जाएगा। इस संबंध में उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन द्वारा विभागीय अधिकारियों को सूचित किया गया है। सब डिवीजन के एसडीओ मोहित गुप्ता ने बताया कि मेंटीनेंस एवं कांफ्रिसरेशन करने के कारण तीन अप्रेल की रात दस बजे से चार अप्रैल को दोपहर दो बजे तक कुछ 16 घंटे पूर्ण रूप से बिलिंग प्रणाली, आनलाइन उपभोक्ता पोर्टल एवं यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पर उपलब्ध सभी आनलाइन सेवाएं (बिल भुगतान, स्मार्ट मीटर रिजार्च, बिल जनरेशन आदि) बाधित रहेगी।

# खेतों व सड़कों पर छुट्टा गोवंश की भरमार, संरक्षण के दावे खोखले

## मोहनपुर जप्ती व घुंघचाई क्षेत्र में घूम रहे गोवंश को अनदेखा कर रहे जिम्मेदार


घुंघचाई में थाने के पास हाइवे किनारे बैठे छुट्टा गोवंश

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में खेतों और सड़कों पर छुट्टा गोवंशों की भरमार है जबकि जिम्मेदारों द्वारा छुट्टा गोवंशों का गोशालाओं में संरक्षण मिलने का दावा किया जा रहा है। घुंघचाई और मोहनपुर जप्ती में गोशाला न होने से इन पशुओं को संरक्षण नहीं मिल पा रहा है। छुट्टा गोवंश के झुंड किसानों के खेतों में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। क्षेत्र के लोगों ने गोशाला बनवाकर पशुओं का संरक्षित कराने की मांग की है। पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में इस वक्त बड़ी संख्या में आवारा गोवंश सड़क से लेकर खेतों में देखे जा रहे हैं। पशुओं का झुंड खेतों में पहुंचकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसान परेशान रहते हैं। मजबूरन उनको रात-दिन खेतों में रहकर फसल की रखवाली करनी पड़ रही है। खेतों के अलावा हाइवे व अन्य सड़कों पर आवारा गोवंश घूमते हैं। इससे सड़क हादसे भी होते हैं। घुंघचाई और मोहनपुर जप्ती क्षेत्र में गोशाला न होने से इन पशुओं को संरक्षण नहीं मिल पा रहा है। गोशाला बनवाने की मांग को लेकर मोहनपुर जप्ती क्षेत्र के लोगों ने डीएम को ज्ञापन दिया। इसमें कहा है कि पूरनपुर-खुटार हाइवे पर स्थित गांव मोहनपुर जप्ती में बड़ी संख्या में छुट्टा गोवंश घूम रहे हैं। सड़क पर इन पशुओं के झुंड टहलने या रात के वक्त बैठे रहने से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। गोवंश भी वाहनों की टक्कर से बेमौत मर रहे हैं। किसानों की फसलों को भी यह पशु नुकसान पहुंचाते हैं। आरोप है कि जिम्मेदारों द्वारा इन पशुओं के संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि मोहनपुर जप्ती के आस-पास गोशाला बनाकर छुट्टा गोवंशों को संरक्षित किया जा सकता है। ताकि भविष्य में इनके कारण सड़क हादसे न हो और किसानों की फसल भी सुरक्षित रहे। ज्ञापन देने वालों में बलजीत सिंह, महेंद्रनाथ, रामसिंह, गजेंद्र, कल्याण सिंह, कमल यादव, अनिल, अनुज, लालाराम, मुनिंदर, संजय, अरविंद, लोचलाल, नरेश, ओमप्रकाश शामिल रहे।

# गुड फ्राईडे पर ईसा मसीह की शहादत को किया याद

## क्रूस रास्ते के जरिये चैदह प्रतीक स्थानों पर प्रार्थना ,फादर ग्रेगरी ने किया ईसा मसीह के बलिदान को याद


गुड फ्राईडे को क्रूस रास्ते में भाग लेते ईसाई समुदाय के लोग

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नगर के चर्च में गुड फ्राइडे को विशेष प्रार्थना कराकर मनाया गया। ईसा मसीह के शहादत के दिन को मनाने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित ईसाई समुदाय के लोगों ने उनकी कुबार्नी को गमी के दिन के रूप में मनाया। पुरोहित ने ह्लक्रूस रास्तेह्न का आयोजन कराया। ईसाई समुदाय के लोगों ने पुण्य शुक्रवार को ईसा मसीह के शहादत के दिन के रूप में मनाया। नगर के एक मात्र सेंट जोसेफ चर्च में दुख भोग को मनाने के लिए बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग विशेष प्रार्थना में शामिल होने के लिए आये। स्कूल प्रांगण के प्रभु ईसा मसीह के दुख भोग को दशार्ने के लिए चैदह स्थानों को प्रतीक के रूप में चिंहित किया गया था जहां पर क्रूस रास्ते का आयोजन किया गया। प्रार्थना में पुरोहित फादर ग्रेगरी मस्क्रेनहस ने जालिमों के जरिये ईसा मसीह पर किये गये जुल्मों का जिक्र किया। प्रभु ईसा पर झूठे इल्जाम लगाकर सलीब पर लटकाकर मौत की सजा सुनाई गयी थी। उन्होंने ईसा मसीह की विभिन्न यातनाओं के बारे में बताया उन्हें कोड़ों की मार दी गयी, सिर पर कांटों का मुकुट रखा गया, निर्वस्त्र किया, ऊपर थूका, उनकी मां से मिलवाकर अपशब्द कहकर जलील किया गया । इसके बाद फादर ने चर्च में क्रूस की आराधना करायी। फादर ने अपने प्रवचन में कहा कि ईसा ने यह सब खुद के लिए नहीं बल्कि मानव जाति के उद्धार के लिए सारी तकलीफों को सहा। इसी दुख को इजहार करने के लिए शनिवार रात तक हर चर्च में घंटियां खामोश रहेंगी। इसके बाद फादर ने चर्च में क्रूस की आराधना करायी। उन्होंने देश व दुनिया में शांति व सलामती लिए दुआएं कीं। यहां स्कूल प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या, सिस्टर संजना, सिस्टर टेसी, आनन्द प्रकाश, पतरस, सुशील एक्का, नीलिमा, प्रीति, अलीशा कुजूर, जार्ज कुट्टी, जॉयस परेरा, पैट्रिक आनंद, एमानुएल, लिली प्रकाश, संजय सिहं, स्टेला, सुन्निमोल, फिलिप आदि मौजूद रहे।

# प्रधान प्रतिनिधि ने छात्राओं को दिया साइकिल का उपहार

## बमरोली के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में सभी क्लास टॉपर्स को किया गया सम्मानित



पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में साइकिल पाकर खुशी का इजहार करती मेधावी छात्राएं

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**बिलसंडा।** कस्बा बमरौली में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा कस्बे के ही पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के मेधावी छात्राओं की हौसला अफजाई के लिए उन्हें साइकिल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत बमरोली मैं प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पप्पू ने ग्राम पंचायत के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय की सभी क्लास टॉपर्स छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार स्वरूप साइकिल देकर सम्मानित किया। क्लास में उत्कृष्ट स्थान पाने वाली छात्राओं में निवान्सी शुक्ला, रोशनी, करिश्मा, खुशबू, अंजलि गौतम, आरुषि एवं हिमांशी को जब अपनों के बीच उपहार मिला तो वह खुशी से झूम उठीं। ग्राम पंचायत में प्रधान प्रतिनिधि पप्पू द्वारा हमेशा ही विकास कार्यों को अनूठे अंदाज में क्रियान्वित किया। आज उनकी छात्राओं के प्रति हौसला अफजाई की इस अनूठी पहल ने यादगार बना दिया। समारोह पूर्वक हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पप्पू ने कहा कि उन्होंने हमेशा ही बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। अपनों के बीच बच्चों की हौसला अफजाई से उनका न केवल मनोबल बढ़ता है, बल्कि आगे बढ़ने को प्रेरित भी करता है। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह,सोनू सिंह,सती शंकर मिश्रा,गोपेश शर्मा एवं संजय गुप्ता समेत लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# महंत अमोल वशिष्ठ एवं महंत सागर वशिष्ठ ने बालाजी महाराज के सुनाए भजन

## प्रभु श्री राम के दरबार में महंत अमोल वशिष्ठ एवं महंत सागर वशिष्ठ को पटका पहनाकर किया सम्मानित : शैली शर्मा


बालाजी महाराज मंदिर में चल रही छठवें दिन राम कथा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** श्री संकट मोचन बालाजी महाराज मंदिर में चल रही राम कथा के छठवें दिन में पहुंच कर प्रभु श्रीराम बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही प्रभु श्री राम की कथा में महंत अमोल वशिष्ठ एवं महंत सागर वशिष्ठ को पटका पहनाकर सम्मानित किया, तत्पश्चात महंत अमोल वशिष्ट जी के आवाह्न पर महंत सागर वशिष्ठ ने शैली शर्मा को भी पटका पहनाकर सम्मानित अभिनंदन किया।। जिसमें बाबा के दरबार में लगातार सवामणि के भोग लगाया जा रहा है। महंत अमोल वशिष्ठ जी के द्वारा राम कथा सुनाई गई जिसमें सभी भक्तों ने कथा को बहुत ही भक्ति भाव से सुना जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा, उनके ओजस्वी प्रवचनों ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उन्होंने कथा के माध्यम से कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। भजन कीर्तन के दौरान भगवान हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा तत्पश्चात भव्य आरती का आयोजन हुआ। साथ ही 6 अप्रैल दिन सोमवार को राम कथा विश्राम यज्ञ एवं भंडारे का विशाल आयोजन होगा। कार्यक्रम में उपस्थित रहे शिखा वशिष्ठ, कोमल वशिष्ठ, सुगंधा वशिष्ठ सौरभ सक्सेना , शैली शर्मा , अभिलाष गुप्ता, रवि श्रीवास्तव , सरवन तिवारी , विवेक , अनित, मनीष , आदि दरवारी भक्तगण उपस्थित रहे।

# किशोरी लापता, अज्ञात पर केस दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि दो अप्रैल की दोपहर उनकी नाबालिग बेटी नगर में खरीददारी करने आई थी। देर शाम तक घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# केवीए ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ाने पर भड़के उपभोक्ता

## बिलंदपुर अशोक के बिजली उपभोक्ताओं ने एसडीओ से की शिकायत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** बिजली विभाग के कर्मचारियों से मिलीभगत कर एक ग्रामीण ने मोटर का कनेक्शन कराकर पहले से ओवरलोड चल रहे बिजली ट्रांसफार्मर से तार जुड़वाना चाहा। जानकारी पर उस ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं ने नाराजगी जताई। आरोप है कि बिजली कर्मचारियों ने उनकी बात नहीं मानी। इसपर उपभोक्ताओं ने एसडीओ को शिकायती पत्र दिया है। घुंघचाई बिजली उपकेंद्र से जुड़े गांव बिलंदपुर अशोक के मान सिंह, निशान सिंह और अनिल कुमार ने बिजली एसडीओ को बताया कि 25 केवीए ट्रांसफार्मर से कई लोगों के घर और निजी मोटर का कनेक्शन है। इनमें प्यारा सिंह का पांच किलोवाट का मोटर व दो किलोवाट का घरेलू, गुरदेव सिंह का दो किलोवाट घेरेलू, निशान सिंह का दो किलोवाट घरेलू व साढ़े सात किलोवाट मोटर और अनिल कुमार का साढ़े सात किलोवाट मोटर का कनेक्शन हैं। पहले से ही ट्रांसफार्मर ओवरलोड चल रहा है। आरोप है कि गांव के ही रमाकांत ने मोटर का कनेक्शन लेकर उसी ट्रांसफार्मर से तार जुड़वाना चाहते हैं। विभाग के कुछ कर्मी भी उसी ट्रांसफार्मर से तार का कनेक्शन करने की जिद पर अड़े हैं। विरोध करने पर कार्रवाई की धमकी देते हैं। पत्र में ट्रांसफार्मर पर अब अन्य कनेक्शन न जोड़ने की मांग की गई है।

# राजस्व क्षति करने वाली फर्म पर केस दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** खंड दो पीलीभीत के उपायुक्त राज्य कर रिकेश कुमार ने फर्म सर्वश्री गुरूनानक ट्रेडर श्री फूलचंद पर राजस्व क्षति करने पर मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि शासन स्तर से निरंतर बकाया वसूली व राजस्व वृद्धि की समीक्षा हो रही है। कई ऐसी फर्म हैं जो राजस्व क्षति कर रही हैं। इसी क्रम में केंद्रीय क्षेत्राधिकारी पीलीभीत में पूर्व में पंजीकृत फर्म सर्वश्री गुरूनानक ट्रेडर श्रीफूलचंद द्वारा भी राजस्व क्षति की जा रही है।

## खड़ी ट्राली से टकराकर 11 वर्षीय बालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव केसरपुर कला में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब खेलते समय हुए हादसे में 11 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। शाहजहांपुर जनपद के थाना सिधौली क्षेत्र के गांव सकुलिया निवासी आयन पुत्र मोबिन अपने परिजनों के साथ रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आया था।बताया जाता है कि बुधवार रात समारोह के दौरान आयन अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान खेल-खेल में बच्चों ने उसे धक्का दे दिया, जिससे वह पीछे खड़ी ट्राली से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए पीलीभीत ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और शादी की खुशियां गम में बदल गईं।




# प्राइवेट स्कूलों का कमीशन सिंडिकेट: किताबों से लेकर ड्रेस तक अभिभावकों से खुली लूट

## नए सत्र में तय दुकानों से खरीद की मजबूरी, दोगुने वसूले जा रहे दाम शिक्षा विभाग मौन




**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** निजी स्कूलों की मनमानी अब बर्दाश्त की हदें पार करती नजर आ रही है। नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होते ही स्कूल संचालकों ने अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का ऐसा तंत्र खड़ा कर दिया है, जिससे निकल पाना आम लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। किताबों में कमीशन का खेल पहले से चल रहा था, लेकिन अब स्कूलों ने ड्रेस, जूते, टाई और मोजों तक को इस ह्यकमीशन सिस्टमह्न में शामिल कर लिया है।अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा कुछ चुनिंदा दुकानों को तय कर दिया जाता है, जहां से ही यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। इन दुकानों पर सामान बाजार की तुलना में दोगुने दामों पर बेचा जा रहा है। यदि कोई अभिभावक बाहर से सामान खरीदने की कोशिश करता है तो उसे स्कूल में स्वीकार नहीं किया जाता।बताया जा रहा है कि इस बार कई स्कूलों ने अपनी वर्दी के रंग और डिजाइन में मामूली बदलाव कर दिए हैं, जिससे वह केवल उन्हीं दुकानों पर उपलब्ध हो सके जो स्कूल से जुड़ी हैं। इसके चलते अभिभावकों के पास कोई विकल्प नहीं बचता और उन्हें मजबूरी में महंगे दामों पर सामान खरीदना पड़ता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जनपद के कई मोहल्लों में किताबों और ड्रेस के अस्थायी गोदाम बनाए गए हैं, जहां से तय दुकानों को सप्लाई की जाती है। यह पूरा नेटवर्क कमीशन आधारित बताया जा रहा है। इतना ही नहीं, कई दुकानदारों द्वारा पक्का बिल तक नहीं दिया जाता, जिससे पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं।इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा प्रभावित मध्यमवर्गीय परिवार हो रहे हैं। एक अभिभावक ने बताया कि एक बच्चे की किताबें और ड्रेस मिलाकर 8 से 12 हजार रुपये तक खर्च हो रहे हैं। ऐसे में जिन परिवारों के दो या तीन बच्चे हैं, उनके लिए यह खर्च उठाना बेहद मुश्किल हो गया है। कई परिवार तो बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं।हर वर्ष नए सत्र के दौरान इस तरह की शिकायतें सामने आती हैं, लेकिन इसके बावजूद शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। सरेआम नियमों की अनदेखी के बावजूद अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों और दुकानदारों के इस गठजोड़ की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही तय दुकानों की बाध्यता समाप्त कर अभिभावकों को खुले बाजार से सामान खरीदने की स्वतंत्रता दी जाए।यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। जनपद के लोग अब इस मुद्दे पर जागरूक हो रहे हैं और जल्द ही विरोध के स्वर तेज होने की संभावना है।

# चरस तस्कर को 11 साल की सजा व 1 लाख का जुमार्ना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद के थाना खुदागंज क्षेत्र में चरस तस्करी के एक मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी युवक को 11 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को 2 वर्ष की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 11 मार्च 2021 की है, जब थाना खुदागंज पुलिस टीम उपनिरीक्षक राजपाल सिंह के नेतृत्व में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम जैतीपुर तिराहे के पास एक युवक पुलिस को देखकर घबराकर तेज कदमों से भागने लगा। पुलिस को उस पर शक हुआ और टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पकड़े जाने पर युवक ने पूछताछ में बताया कि उसके पास मौजूद थैले में चरस है, जिसे वह बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस द्वारा नियमानुसार उसे बताया गया कि उसकी तलाशी किसी राजपत्रित अधिकारी या मजिस्ट्रेट के समक्ष कराई जा सकती है, लेकिन आरोपी ने स्वयं ही पुलिस टीम के सामने तलाशी देने की अनुमति दे दी। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक थैले में लगभग 1 किलो 100 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही बरामद चरस का वजन कराया और उसमें से 50 ग्राम नमूना अलग कर शेष माल को सील कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान विपिन पुत्र शिवकुमार, निवासी ग्राम राजपुर कुंडरी, थाना बीसलपुर, जिला पीलीभीत के रूप में हुई। उसके विरुद्ध थाना खुदागंज में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध किया। अदालत ने सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए आरोपी को दोषी करार दिया। अपर सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि इस प्रकार के मामलों में उदारता नहीं बरती जा सकती, क्योंकि इससे समाज में गलत संदेश जाता है। न्यायालय ने यह भी कहा कि अपराधियों को कठोर सजा मिलना आवश्यक है, जिससे आम जनता का कानून पर विश्वास बना रहे और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। अदालत ने दोषसिद्ध विपिन को 11 वर्ष के सश्रम कारावास और 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही यह भी आदेश दिया कि आरोपी द्वारा जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। निर्णय सुनाए जाने के बाद आरोपी को जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए। साथ ही उसे अपने विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील करने के अधिकार की भी जानकारी दी गई।

# हनुमान जन्मोत्सव पर बाबा विश्वनाथ मंदिर में सुंदरकांड पाठ, भक्तों में बांटा गया प्रसाद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहजहांपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर टाउन हॉल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर में श्री लोंगोटी वाले बाबा सेवा समिति की ओर से सुंदरकांड पाठ एवं पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के संरक्षक के रूप में सहभागिता की गई। कार्यक्रम के दौरान विधि-विधान से सुंदरकांड पाठ, पूजन और हनुमान जी की आरती की गई। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी, समिति के सदस्यों और कथावाचक अंजली शरण महाराज जी को हनुमान



जी के चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और इसी के साथ आयोजन का समापन हुआ।

# ड्यूटी के दबाव से बीमार आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत, कांग्रेस ने जताया दुख

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहजहांपुर।** शहर के मोहल्ला गदियाना निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीति (42) का निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वह पिछले कई महीनों से एसआईआर कार्यक्रम के तहत बीएलओ की ड्यूटी कर रही थीं। लगातार काम के दबाव और विभागीय अधिकारियों की प्रताड़ना के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई थी और वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। परिजनों के अनुसार, प्रीति ने कई बार ड्यूटी से मुक्त किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिए, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी बीच उनकी हालत और बिगड़ती गई



और अंततः उनका निधन हो गया। मृतका की बेटी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर अपना दुख व्यक्त किया, जिसे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया पेज से भी पोस्ट किया गया। इस घटना के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल गदियाना स्थित उनके घर पहुंचा और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने फोन के माध्यम से प्रीति की बेटी की बात भी अजय राय से कराई। प्रदेश अध्यक्ष ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में छोटे कर्मचारियों पर अत्याचार बढ़ रहा है और बीएलओ ड्यूटी के कारण कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिष्टमंडल में जिला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी और एनएसयूआई उपाध्यक्ष प्रत्यूष मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार, डीएम ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ शहर में चल रहे नगर निगम के विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गांधी भवन प्रेक्षागृह का जायजा लिया गया, जहां रंगमंच, यू-ट्यूब स्टूडियो और ई-लाइब्रेरी बनाई जा रही है। यह सुविधा 30 जून तक आम जनता के लिए शुरू हो जाएगी। शहर में बन रहे प्लेनेटोरियम और मल्टीलेवल पार्किंग का भी निरीक्षण किया गया। प्लेनेटोरियम में बच्चों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी होगी, जिससे उनके बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह



परियोजना 2 अक्टूबर तक पूरी होगी। तेल टंकी रोड पर बन रहे सीएम ग्रिड का कार्य अंतिम चरण में है और अप्रैल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। इस सड़क पर बिजली के तार अंडरग्राउंड किए गए हैं और आधुनिक लाइटिंग व चौड़े फुटपाथ बनाए जा रहे हैं। डीएम ने हॉकी फील्ड का भी निरीक्षण किया, जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का एस्ट्रोटर्फ मैदान और फ्लड लाइट्स लगाई जा रही हैं। यह कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा होगा। इसके पास शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और सीनियर केयर सेंटर का निर्माण भी जारी है। नगर निगम के नए कार्यालय भवन का निर्माण अंतिम चरण में है, जो इसी महीने के अंत तक तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही यहां 1500 क्षमता का कन्वेंशन सेंटर, अर्बन फूड प्लाजा और ओपन एयर थिएटर भी बनाया जा रहा है। केरुगंज से मघईटोला तक बन रही स्मार्ट सिटी रोड का निरीक्षण करते हुए डीएम ने अतिक्रमण हटाने और तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा गर्रा नदी पर पुल ऊंचा करने, बाढ़ से बचाव के लिए नहर चैड़ीकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल्वर्ट निर्माण कार्यों की समीक्षा कर उन्हें जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सर्किट हाउस के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया और गुणवत्ता व गति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की गाड़ी ओवरटेक कर हूटर बजाना पड़ा भारी, युवक गिरफ्तार

## ट्रैफिक दरोगा को कुचलने की कोशिश, पुलिस से धक्का-मुक्की, कार से मिली पुलिस टोपी और हूटर लाइट

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रौजा/शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी की गाड़ी को ओवरटेक कर हूटर बजाना एक युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस चेकिंग के दौरान उसकी करतूत सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर कार सवार युवक ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी और धक्का-मुक्की करते हुए भागने की कोशिश की। इसी दौरान उसने ट्रैफिक दरोगा पर कार चढ़ाने का प्रयास किया, जिससे मौके पर अफरा-



तफरी मच गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार से पुलिस की टोपी और फ्लैशर (हूटर) लाइट बरामद हुई। इससे स्पष्ट है कि युवक रौब जमाने के लिए खुद को पुलिस जैसा दिखाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसकी कार को भी सीज कर दिया गया है।

# बाइकर गैंग का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार, छह चोरी की बाइक बरामद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तड़के सुबह कार्रवाई करते हुए बाइकर गैंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की छह बाइकें बरामद की हैं। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, नगर की मधुवन कॉलोनी निवासी राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने 18 जून 2025 को अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस बाइक चोरों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे पुलिस टीम ने जैतीपुर तिराहे के पास नहर किनारे से तीन आरोपियों को



चोरी की छह बाइकों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में कटरा थाना क्षेत्र के गांव रमापुर निवासी रामलखन उर्फ नन्हे और अवनीश, तथा फीलनगर निवासी इमरान खान शामिल हैं। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से हीरो डीलक्स और स्प्लेंडर प्लस समेत कुल छह बाइकें बरामद हुई हैं। इस कार्रवाई में कोतवाल जुगुल किशोर पाल, एसआई नितिन कुमार, एसआई मोहम्मद मारूफ, हेड कांस्टेबल रामनरेश, भारतमणि और कांस्टेबल शरद यादव की अहम भूमिका रही।

# मामा के घर आए युवक की सड़क हादसे में मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मिजार्पुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा फरुखाबाद-बदायूं स्टेट हाईवे पर जरियनपुर ग्राम पंचायत के मजरा रसूलाबाद के पास हुआ। मृतक की पहचान हरदोई जिले के पाली कस्बा निवासी अमन कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अमन को करीब 20 दिन पहले ही तिलक में नई पल्सर बाइक मिली थी। उसी बाइक से वह अपने मामा जयसिंह के घर मिजार्पुर आया हुआ था। मंगलवार शाम करीब 7 बजे वह किसी काम से बाइक से निकला था, तभी रास्ते में उसका एक्सीडेंट हो गया। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# समाजसेवी इंजी रितेश कुमार बने भाजपा महानगर मंत्री

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** समाजसेवी एवं एसएसवी स्कूल के प्रबंधक इंजी रितेश कुमार को भारतीय जनता पार्टी का महानगर मंत्री नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। तिलहर के पास स्थित डभौराध्यऊथ सिटी निवासी रितेश कुमार लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और भाजपा



संगठन में भी लगातार योगदान दे रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही है, जिससे उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों में अपनी अलग पहचान बनाई है। पार्टी नेतृत्व ने उनकी सक्रियता, कार्यशैली और जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। उनके नियुक्त होने पर स्थानीय लोगों, समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटी और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर रितेश कुमार ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करेंगे और जनसेवा के कार्यों को और तेज करेंगे।

# यूपीपीसीएस में सौरभ दीप का चयन, हासिल की 184वीं रैंक



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद के होनहार छात्र सौरभ दीप ने यूपीपीसीएस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 184वीं रैंक प्राप्त की है। इस सफलता के साथ उनका चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है, जिससे परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। सौरभ दीप के पिता अनिल कुमार राजकीय हाई स्कूल, परसोना खलीलपुर में प्रधानाचार्य हैं। उनकी माता विभा गृहिणी हैं। सौरभ ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली से बीएससी की डिग्री प्राप्त की और फिर समाजशास्त्र में एम.ए. किया। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दी थी। सौरभ दीप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों और प्रेरणा को दिया है, जिनसे उन्हें आगे बढ़ने की ताकत मिली। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर अधिवक्ता अनिल कुमार (जिलाध्यक्ष, आजाद समाज पार्टी), अधिवक्ता स्वयम प्रकाश कौशल, अधिवक्ता सुशील भारती और अधिवक्ता आशीष समेत कई लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# युवा ध्रुव प्रताप सिंह के स्टार्टअप को भारत सरकार की मान्यता

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मिजार्पुर-शाहजहांपुर।** कस्बा के युवा उद्यमी ध्रुव प्रताप सिंह ने अपने स्टार्टअप इन्विजिया एक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के जरिए बड़ी सफलता हासिल की है। उनके स्टार्टअप को भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से आधिकारिक मान्यता मिल गई है। इन्विजिया एक्स एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, जिसे सुरक्षित और प्राइवेसी पर आधारित डिजिटल अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। कंपनी की शुरुआत 13 फरवरी 2026 को हुई थी और कम समय में ही इसकी वेबसाइट पर हजारों यूजर जुड़ चुके हैं। जल्द ही इसका मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया जाएगा। इस उपलब्धि पर ध्रुव प्रताप सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि सरकार से मिली मान्यता उन्हें आगे और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करेगी। उनका लक्ष्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना है, जो भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में अपनी पहचान बनाए। डीपीआईआईटी की मान्यता मिलने से स्टार्टअप को सरकारी योजनाओं का लाभ, निवेश के अवसर और अन्य सुविधाएं मिलेंगी, जिससे कंपनी को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और यह अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा बन रहा है।

# संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला महिला का शव


जागरण मोर्चा, कार्यालय

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** थाना इलाके के अगरोली गांव में एक 25 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव उसके घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, अगरोली निवासी विकास सिंह की पत्नी ज्योति (25) का गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे किसी बात को लेकर परिजनों से विवाद हो गया था। इसके बाद उसने कथित रूप से कमरे में जाकर फांसी लगा ली। मृतका का एक तीन वर्षीय बेटा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

# सपा की मासिक बैठक आज, पदाधिकारियों से समय पर पहुंचने की अपील

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी की जिला एवं महानगर कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन 4 अप्रैल को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। यह बैठक महानगर के मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में संपन्न होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के



जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों तथा ब्लॉक अध्यक्षों से अपील की है कि वे समय पर बैठक में पहुंचकर इसे सफल बनाएं।




# सीएम योगी बोले: कांग्रेस घुसपैठ व दंगा कराती थी, भाजपा निकाल बाहर करती है

## यूपी में सड़कों पर नमाज नहीं होती

एजेंसी समाचार

**बारपेटा/लखनऊ।** असम में भाजपा के पक्ष में प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा घुसपैठ व दंगा कराने का काम किया, लेकिन भाजपा ऐसा करने वालों को निकाल बाहर करती है। पहले नौजवानों के हक पर घुसपैठिए काबिज होते थे, असम के लोगों का राशन डकार जाते थे, लेकिन अब सरकार असम के हर नागरिक को उसका हक दिलाने की गारंटी ले रही है।



शुक्रवार को बरछला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ऋतु बरन सरमा के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस व यूडीएफ के अघोषित समझौते के कारण असमिया जाति, माटी व बेटी के सामने पहचान का संकट खड़ा हुआ।

उन्होंने तुष्टिकरण की नीति पर चलकर असमिया पहचान को समाप्त करने का प्रयास किया। असम के नागरिकों, बहनों के हक पर घुसपैठियों के जरिये डकैती डलवाई। जब पीएम मोदी के नेतृत्व में दिल्ली और असम में पहले सवार्नंद सोनोवाल, फिर हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तो असम चाय के साथ अब चिप उत्पादन का नया केंद्र भी बन गया है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन सरकार असमिया संगीत-संस्कृति, महापुरुषों, महानायकों और योद्धाओं को सम्मान दे रही है। असम के लोगों को राशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्कीम के तहत हर गरीब को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा, प्रधानमंत्री आवास, नौजवानों को रोजगार-नौकरी मिल रही है। चाय बागान में काम करने वाली बहनों, कारीगरों, नौजवानों के लिए स्पेशल पैकेज की व्यवस्था है।

योगी ने कहा कि असम के लोगों का संरक्षण होगा और एक-एक घुसपैठिए को निकाल बाहर करेंगे। उत्तर प्रदेश में पहले हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा व कर्फ्यू लगता था। वहां नौ वर्ष में न कर्फ्यू, न दंगा है, सब चंगा है। 500 वर्ष में जो काम नहीं हो पाया, वह काम भी अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण के रूप में हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में उग्रवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद नहीं है, वहां सड़कों पर नमाज भी नहीं पढ़ी जाती है। सरकार लव जेहाद, लैंड जेहाद का सफाया करने को संकल्पित है।

आरोप लगाया कि कांग्रेस व यूडीएफ को देश की कीमत पर वोट चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 साल में पूर्वोत्तर भारत की 78 और असम की 36 यात्राएं की हैं, तब शांति, सुरक्षा व सुशासन का माहौल तैयार हुआ है।

60 वर्ष में कांग्रेस उचित कनेक्टिविटी नहीं दे पाई, लेकिन आज पूर्वोत्तर के हर राज्य तक रोड, रेलवे, एयर व इनलैंड वाटरवे की कनेक्टिविटी है। पहले मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं थे, लेकिन डबल इंजन सरकार ने एम्स, आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी दिया है।

# दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में महसूस हुए भूकंप के झटके

एजेंसी समाचार



**दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार की रात भूकंप के झटके महसूस हुए। इससे लोग डर के घरों के बाहर आ गए। भूकंप के झटके पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भी महसूस किए गए। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

कैसे मापा जाता है भूकंप की तिव्रता और क्या है मापने का पैमाना?- ूंकप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है। भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है। भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

# पड़ोसी के लिए मरवा डाला पति: महिला से मिलने पहुंचा प्रेमी, उसी समय रची कत्ल की साजिश



एजेंसी समाचार

**सैंया (आगरा)।** बुधवार रात्रि करीब 8:30 बजे थाना सैंया के बजरंग धाम कॉलोनी के पीछे खेत में अधजला शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। हाथ पर लिखे पत्नी के नाम से मृतक के भाई ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने पत्नी व प्रेमी से पूछताछ की तो मामला खुल गया। भाई की तहरीर के आधार पर पत्नी व प्रेमी और उसके साथी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना सैंया के खेरागढ़ सैंया मार्ग पर लोकेन्द्र अपनी पत्नी सोमवती व तीन बच्चों के साथ रहता था। लोकेन्द्र की शादी 18 वर्ष पूर्व इरादतनगर से हुई थी। लोकेन्द्र मजदूरी करके परिवार का पालन- पोषण करता था। लोकेन्द्र की पत्नी सोमवती की पड़ोस में रहने बाले महेश से दोस्ती हो गई। जिसके बाद महेश का घर पर आना-जाना लगा रहा। लोकेन्द्र को महेश का घर आना-जाना रास नहीं था तो आए दिन घर में क्लेश होने लगा। सोमवती ने महेश के साथ मिल कर लोकेन्द्र को मारने की साजिश रची।

बुधवार सुबह 11 बजे लोकेन्द्र रोज की तरह घर से निकला था। उसके बाद महेश सोमवती से मिलने घर पहुंचा और उसके पति की हत्या करने की साजिश रची। इसके बाद महेश व उसके साथी धर्मवीर ने लोकेन्द्र को बुलाया। उसके बाद तीनों लोग आगरा-ग्वालियर हाईवे स्थित बजरंग धाम कॉलोनी के पीछे खेतों पर शराब पीने गए।

जहां शराब पिलाने के बाद महेश व धर्मवीर ने लोकेन्द्र को मार डाला और शव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद वह वहां से भाग गए। हत्या की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के हाथ पर पत्नी सोमवती का नाम लिखा था




# दुष्कर्म के आरोपी खरात की कॉल कनेक्शन पर सियासत गरम, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के 17 कॉल का दावा

एजेंसी समाचार

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब एक स्वयंभू से जुड़े कॉल डिटेल रिकॉर्ड को लेकर बड़े आरोप सामने आए। सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने दावा किया कि दुष्कर्म के आरोपी अशोक खरात और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच 17 बार फोन पर बातचीत हुई। इस दावे ने राजनीतिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है।

अंजलि दमानिया के मुताबिक, उन्हें व्हाट्सऐप के जरिए कॉल डिटेल रिकॉर्ड मिला है। इसमें कई नेताओं और गॉडमैन के बीच बातचीत का जिक्र है। उन्होंने दावा किया कि शिंदे और खरात के बीच सबसे लंबी बातचीत 21 मिनट की थी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि ये कॉल किस समय अवधि में हुए। इस मामले में अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इतने संपर्क क्यों थे।

दमानिया ने आरोप लगाया कि सीडीआर के अनुसार शिंदे और अशोक खरात के बीच कुल 17 कॉल हुए। यह दावा राजनीतिक रूप से संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि खरात पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। हालांकि सरकार की ओर से इन कॉल्स को लेकर कोई गैरकानूनी बात होने से इनकार किया गया है।

दमानिया ने यह भी कहा कि सिर्फ शिंदे ही नहीं, बल्कि भाजपा और एनसीपी के कई नेताओं ने भी खरात से बातचीत की थी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल और एनसीपी नेता सुनील तटकरे के साथ भी आठ-आठ कॉल हुए। इसके अलावा भाजपा मंत्री आशीष शेलार के साथ भी संपर्क का जिक्र किया गया।

दमानिया के अनुसार, एनसीपी नेता रूपाली चाकणकर और खरात के बीच 177 कॉल हुए थे। यह सबसे ज्यादा बातचीत का मामला बताया गया। इस खुलासे के बाद चाकणकर ने महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें खरात के कथित अपराधों की जानकारी नहीं थी।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।